श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 214, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरुवार 29 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## खरीद मूल्य 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया

# मोदी सरकार का गन्ना किसानों को सौगात



**नई दिल्ली: केंद्र** सरकार ने 2023-24 सीजन के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 315 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने चीनी सीजन 2023-24 (अक्टूबर-सितंबर) के लिए 10.25 प्रतिशत की मूल रिकवरी दर के लिए गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) को 315 रुपये प्रति क्विंटल पर मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि 10.25 प्रतिशत से अधिक वसूली में प्रत्येक 0.1 प्रतिशत वृद्धि के लिए 3.07 रुपये प्रति क्विंटल का प्रीमियम और वसूली में प्रत्येक 0.1 प्रतिशत की कमी के लिए एफआरपी में 3.07 रुपये प्रति क्विंटल की कमी को भी मंजूरी दी गई। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों को हमेशा प्राथमिकता दी है। उसी के तहत आज गन्ने के मूल्य में वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि आज गन्ना किसानों को पूरा भुगतान हो रहा है। ठाकुर ने कहा कि इस फैसले से 5 करोड़ गन्ना किसानों और उनके आश्रितों के साथ-

### केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम प्रणाम योजना को मंजूरी दी

**नई दिल्ली: बुधवार** को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पीएम प्रणाम योजना को मंजूरी दे दी गई। पीएम प्रणाम योजना का उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों पर सब्सिडी के बोझ को कम करने के साथ साथ वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ाना देना है। इसके साथ केन्द्र सरकार अगले तीन साल में किसानों के कल्याण के लिए 3 लाख 70 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए डॉ. मनसुख मांडविया ने बताया कि जो राज्य केमिकल फर्टिलाइजर का उपयोग कम करेंगे, उन राज्यों को केन्द्र सरकार की तरफ से सहायता दी जाएगी यानी जो केमिकल फर्टिलाइजर में सब्सिडी में कटौती करेंगे, उसका 50 फीसदी ग्रांट के तौर पर उन्हें वापस कर दिया जाएगा। इसके साथ इस योजना के तहत जैविक खेती और वैकल्पिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि धरती को केमिकल से बचाने के उद्देश्य से बनाई गई योजना के तहत नैनो यूरिया और सल्फर कोटेड यूरि?ा के भी इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके साथ जैविक खेती के उत्पाद को मार्केटिंग को भी बढ़ावा दिया जाएगा ताकि किसानों की आय में बढ़ोतरी हो सके।

### नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना को मंजूरी

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने देश में रिसर्च इको-सिस्टम को मजबूत करने के लिए संसद में नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) बिल 2023 पेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज नेशनल रिसर्च फाउंडेशन बिल, 2023 को संसद में पेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। स्वीकृत विधेयक एनआरएफ की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करेगा जो अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) को बढ़ावा देगा और देश के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों और आर एंड डी प्रयोगशालाओं में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देगा। संसद में मंजूरी के बाद विधेयक पांच वर्षों (2023-28) के दौरान 50,000 करोड़ रुपये की कुल अनुमानित लागत पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सिफारिशों के अनुसार देश में वैज्ञानिक अनुसंधान की उच्चस्तरीय रणनीतिक दिशा प्रदान करने के लिए एक शीर्ष निकाय एनआरएफ की स्थापना करेगा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) एनआरएफ का प्रशासनिक विभाग होगा जो एक गवर्निंग बोर्ड द्वारा शासित होगा। इसमें विभिन्न विषयों के प्रख्यात शोधकर्ता और पेशेवर शामिल होंगे। एनआरएफ का दायरा व्यापक है, सभी मंत्रालयों को प्रभावित करता है। प्रधानमंत्री इसके बोर्ड के पदेन अध्यक्ष होंगे और केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री पदेन उपाध्यक्ष होंगे।

## पीएम ने प्रगति के 42वें संस्करण की अध्यक्षता की

**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने केन्द्र और राज्य सरकारों को शामिल करते हुए प्रो-एक्टिव गवर्नेंस और समय पर कार्यान्वयन के लिए आईसीटी आधारित मल्टी-मॉडल प्लेटफॉर्म, प्रगति के 42वें संस्करण की बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने बैठक में 12 राज्यों में फैली 1,21,300 करोड़ रुपये से अधिक की संचयी लागत वाली 12 प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने सभी हितधारकों को बकाया मुद्दों को हल करने और जनता के लिए उनके महत्व को ध्यान में रखते हुए परियोजनाओं को पूरा करने के लिए समय सीमा का पालन करने का निर्देश दिया। बैठक में 12 प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। 12 परियोजनाओं में से सात परियोजनाएं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की थीं, दो परियोजनाएं रेल मंत्रालय की थीं और एक-एक परियोजना सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, इस्पात मंत्रालय, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की थी। इन परियोजनाओं की संचयी लागत 1,21,300 करोड़ रुपये से अधिक है और ये 10 राज्यों अर्थात छत्तीसगढ़, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा और हरियाणा और 2 केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू और कश्मीर तथा दादरा और नगर हवेली से संबंधित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राजकोट, जम्मू, अवंतीपोरा, बीबीनगर, मदुरै, रेवाड़ी और दरभंगा में एम्स के निर्माण की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने 'पीएम स्वनिधि योजना' की भी समीक्षा की।

### एनटीपीस, एनएलसी समेत 22 कंपनियों ने 18 कोयला ब्लॉक के लिए लगाई 35 बोलियां

**नई दिल्ली। वाणिज्यिक** कोयला खदानों की नीलामी के सातवें चरण में सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी, एनएलसी इंडिया और जेएसपीएल सहित निजी क्षेत्र की 22 कंपनियों ने बोली लगाई हैं। इन कंपनियों ने 18 कोयला ब्लॉक के लिए 35 बोलियां लगाई। कोयला खदानों की नीलामी के तहत 103 ब्लॉक को नीलामी के लिए रखा गया था। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि सातवें चरण के तहत 18 कोयला खदानों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन कुल 35 बोलियां मिली हैं।

## भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2026-27 तक 6.7 फीसदी बनी रहेगी: एसएंडपी




**नई दिल्ली। ग्लोबल** रेटिंग एजेंसी स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एसएंडपी) ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026-27 तक औसतन 6.7 फीसदी रहने की संभावना जताई है। एसएंडपी रेटिंग्स के वरिष्ठ अर्थशास्त्री (एशिया-प्रशांत) विश्रुत राणा ने बुधवार को यह बात कही।

राणा ने यहां आयोजित एक ऑनलाइन सेमिनार में कहा कि घरेलू खपत में तेजी के कारण चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर छह फीसदी के आसपास पर रहने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि हमारा अनुमान है कि आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026-27 तक औसतन 6.7 रहेगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता गतिविधियां वृद्धि तय करने में प्रमुख कारक होंगी। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी पर रहने का अनुमान जताया है। हालांकि यह बीते वित्त वर्ष 2022-23 की आर्थिक वृद्धि दर 7.2 फीसदी से कम है।

## संसदीय मामलों की कैबिनेट कमेटी की हुई बैठक



**नई दिल्ली: रिपोर्ट** के मुताबिक, मानसून सत्र में इस बार दिल्ली में उपराज्यपाल को अधिक प्रशासनिक शक्तियां देने वाले केंद्र सरकार के अध्यादेश की जगह आने वाले विधेयक पर हंगामा देखने को मिल सकता है। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विपक्षी नेताओं से मुलाकात कर विधेयक के खिलाफ समर्थन मांग रहे हैं। हालांकि, कांग्रेस ने अभी तक विधेयक पर अपना रुख साफ नहीं किया है।

केंद्र का यह अध्यादेश दिल्ली सरकार को सेवाओं पर अधिक विधायी और प्रशासनिक नियंत्रण देने वाले सुप्रीम कोर्ट के 11 मई, 2023 के फैसले को रद्द करता है। साथ ही यह ऐसे मामलों में उपराज्यपाल को फैसले लेने का अधिकार देता है। लोकसभा में विधेयक आसानी से पारित हो जाएगा क्योंकि निचले सदन में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के पास स्पष्ट बहुमत है। राज्यसभा में विधेयक को पारित कराने में चुनौती पेश हो सकती है। क्योंकि सात रिक्त सीटों के साथ वर्तमान सदन के सदस्यों की संख्या 238 है, जिससे उच्च सदन में बहुमत का आंकड़ा घटकर 120 हो जाता है। इसलिए भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को राज्यसभा में कुछ प्रतिरोध का सामना करना पड़ सकता है।

नामित सदस्यों के समर्थन से भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के पास उच्च सदन में संख्या बल 111 है, जबकि विपक्ष के पास कुल संख्या बल 106 है, जिसमें वाईएसआरसीपी, बीजेडी, बीएसपी, टीडीपी और जनता दल (सेक्युलर) जैसी पार्टियां शामिल नहीं हैं। इन पांचों दलों के पास कुल मिलाकर 21 सदस्य हैं। इन दलों ने अभी तक 'आप' को समर्थन देने की घोषणा नहीं की है।

## मध्यम वर्गीय परिवारों को भूल चुकी भाजपा सरकार: राहुल



**नई दिल्ली: कांग्रेस ने**ता राहुल गांधी ने बुधवार को रोजगार और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों के मुद्दों पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि सरकार गरीबों और मध्यम वर्ग को भूल गई है, और पूंजीपतियों की संपत्ति बढ़ाने में व्यस्त है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा को लोगों से जुड़े मुद्दों से उनका ध्यान भटकाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

'गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को भूल चुकी सरकार': उन्होंने कहा, 'टमाटर 140 रुपये प्रति किलोग्राम, फूलगोभी 80 रुपये प्रति किलोग्राम, तूर दाल 148 रुपये प्रति किलोग्राम, ब्रांडेड अरहर दाल 219 रुपये प्रति किलोग्राम और रसोई गैस सिलेंडर 1,100 रुपये से अधिक है। पूंजीपतियों की संपत्ति बढ़ाने और जनता से टैक्स वसूलने में व्यस्त भाजपा सरकार गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को भूल चुकी है।' राहुल गांधी ने आगे कहा कि युवा बेरोजगार हैं और अगर कहीं रोजगार है तो वहां आय बहुत कम है और महंगाई के कारण कोई बचत नहीं है। उन्होंने कहा, गरीब खाने के लिए तरस रहा है और मध्यम वर्ग बचाने के लिए तरस रहा है।

राहुल गांधी ने पूछा- आखिर यह अमृत काल किसके लिए है?: कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी के द्वारा शासित राज्यों में महंगाई से राहत देने के लिए गैस के दाम घटाए गए हैं और गरीबों के खातों में वित्तीय सहायता के लिए पैसा डाला गया है। गांधी ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा नफरत दूर करने, महंगाई, बेरोजगारी दूर करने और समानता लाने का संकल्प है और भाजपा को जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने नहीं दिया जाएगा।

## देश के बैंकों का फंसा कर्ज एक दशक के निचले स्तर 3.9 फीसदी पर: आरबीआई

**मुंबई/नई दिल्ली। देश के** बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्ति यानी फंसा कर्ज अनुपात घटकर इस साल मार्च में 10 साल के निचले स्तर 3.9 फीसदी पर आ गया है। इसे और सुधरकर 3.6 फीसदी पर आने का अनुमान है।

आरबीआई ने बुधवार को जारी अपनी छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में कहा है कि सकल एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) इस वर्ष मार्च में 10 साल के निचले स्तर 3.9 फीसदी पर आ गया है। इसे और सुधरकर 3.6 फीसदी पर आने का अनुमान है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस रिपोर्ट की भूमिका में लिखा है कि बैंक और कंपनियों के बही-खाते मजबूत हुए हैं। इससे कुल मिलाकर वृद्धि को गति मिलने की उम्मीद है।

शक्तिकांत दास ने रिपोर्ट में कहा है कि बही-खातों के मजबूत होने का दोहरा लाभ है। एक तरफ जहां कंपनियों का कर्ज कम होगा, वहीं बैंकों का एनपीए भी नीचे आएगा। दास ने साइबर जोखिम और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और नियामकीय व्यवस्था पर ध्यान देने की भी बात कही।

## सरकार अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने लिए प्रतिबद्ध: पीयूष गोयल



**नई दिल्ली। केंद्रीय** वाणिज्य और उद्योग ने कहा कि सरकार उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) क्षेत्रों में अनुकूल व्यावसायिक माहौल बनाने और विकास में तेजी लाने के लिए प्रतिबद्ध है। गोयल ने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा पीएलआई योजनाओं पर आधारित कार्यशाला को संबोधित करने के दौरान यह बात कही। उन्होंने पीएलआई योजना की नीतियों, प्रक्रियाओं तथा प्रभावशीलता को आकार देने के लिए उद्योग की प्रतिक्रिया और सहयोगी कार्य को प्रोत्साहित किया। बैठक में गोयल ने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के उत्पादन पर उद्योग की एकाग्रता के महत्व पर बल दिया, जो उद्योग और उपभोक्ताओं दोनों की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। पीयूष गोयल ने सभी हितधारकों से एक ऐसा माहौल बनाने के लिए मिल कर काम करने का आग्रह किया, जो उद्योगों के विकास, नवाचार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे सके। इस कार्यशाला का उद्देश्य सभी प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाना तथा उनमें स्वामित्व की भावना पैदा करना था, ताकि वे 14 प्रमुख क्षेत्रों के तहत पीएलआई योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए अपने ज्ञान और अनुभवों का आदान-प्रदान कर सकें। कार्यशाला में 14 प्रमुख क्षेत्रों के तहत 10 कार्यान्वयन केंद्रीय विभागों, कंपनियों/पीएलआई लाभार्थियों, विभिन्न परियोजना प्रबंधन एजेंसियों (पीएमए) जैसे आईएफसीआई सिडबी।

## 13 जुलाई को होगी चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग




नई दिल्ली: भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बहुप्रतीक्षित मिशन चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग को लेकर बड़ा एलान किया है। इसरो ने मिशन, चंद्रयान-3 की लॉन्च तिथि की पुष्टि कर दी है। अधिकारियों ने आज घोषणा की कि रॉकेट 13 जुलाई को स्थानीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे लॉन्च किया जाएगा। चंद्रयान-3 का फोकस चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंड करने पर है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ के मुताबिक, अंतरिक्ष के क्षेत्र में ये भारत की एक और बड़ी कामयाबी होगी. अधिकारियों ने बताया कि चंद्रयान-2 के बाद इस मिशन को चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग की क्षमता की जांच के लिए भेजा जा रहा है। चंद्रयान-2 मिशन आखिरी चरण में विफल हो गया था। उसका लैंडर पृथ्वी की सतह से झटके के साथ टकराया था, जिसके बाद पृथ्वी के नियंत्रण कक्ष से उसका संपर्क टूट गया था। चंद्रयान-3 को उसी अधूरे मिशन को पूरा करने के लिए भेजा जा रहा है। इसमें लैंडर के चंद्रमा की सतह पर उतरने के बाद उसमें से रोवर निकलेगा और सतह पर चक्कर लगाएगा। हालांकि, प्रक्षेपण की तिथि से जुड़े सवाल पर इसरो के चेयरमैन एस सोमनाथ ने कहा, अभी चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण की अंतिम तिथि तय नहीं है। एजेंसी 12 से 19 जुलाई के बीच कोई तिथि तय कर सकती है। हम जल्द से जल्द किसी संभावित तिथि पर विचार कर रहे हैं, यह 12, 13, 14 या 19 जुलाई कोई भी तिथि हो सकती है। उन्होंने कहा कि अभी रॉकेट एकीकरण का काम चल रहा है जो अगले दो से तीन में पूरा हो सकता है। उसके बाद परीक्षण कार्यक्रम चलेगा। जब सारे परीक्षण पूरे हो जाएंगे, तब प्रक्षेपण की अंतिम तिथि की घोषणा की जाएगी जो 12 से 19 जुलाई के बीच में ही कोई होगी।

लैंडर में चार, रोवर में दो पेलोड: चंद्रयान-3 के लैंडर में चार पेलोड हैं।

## साक्षी हत्याकांड में आरोपित साहिल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली। दिल्ली** पुलिस ने दिल्ली के शाहाबाद डेयरी में 16 साल की लड़की साक्षी की हत्या के आरोपित साहिल के खिलाफ बुधवार को रोहिणी कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। 640 पेजों के इस चार्जशीट में साहिल को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आरोपित बनाया गया है। दिल्ली पुलिस ने साहिल को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से 29 मई को गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक साहिल ने साक्षी पर चाकू से बीस से ज्यादा वार किए। इसके बाद साहिल ने साक्षी के सिर को पत्थर से कुचल दिया। इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ था। वीडियो में साहिल चाकू से वार करते हुए देखा जा सकता है। इस घटना के समय सड़क पर सात-आठ लोग खड़े दिखाई दे रहे हैं। पुलिस के मुताबिक साक्षी और साहिल दोस्त थे। उनके बीच 28 मई को बहस हुई थी। घटना वाले दिन साक्षी किसी के जन्मदिन पर जा रही थी जहां रास्ते में साहिल ने उस पर हमला कर दिया। साक्षी के पिता की सूचना पर शाहाबाद डेयरी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी।

## शाह 29 को बिहार और 30 को राजस्थान जाएंगे

**नई दिल्ली। केन्द्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 29 जून को एक दिवसीय दौरे पर बिहार जाएंगे।

उसके अगले दिन यानी 30 जून को वह राजस्थान के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। सूत्रों के अनुसार गुरुवार को शाह बिहार के लखीसराय जिले में पहले अशोक धाम मंदिर में पूजा व दर्शन करेंगे। उसके बाद अशोक धाम संग्रहालय का दौरा करेंगे। इस दौरान संपर्क से समर्थन अभियान के तहत ट्रस्टीगणों से मुलाकात करेंगे।

### खबर संक्षेप

## आईटीआई पासआउट शिशुक्षुओ को अप्रेंटिसशिप का सुनहरा अवसर

**नैनी।** नैनी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज के प्रधानाचार्य एस.के. श्रीवास्तव के अनुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज में 30 जून 2023 को अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है जिसमें विभिन्न कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं जैसे कि - वोल्टास लिमिटेड रूद्रपुर उधम सिंह नगर ( उत्तराखंड ) तथा अन्य प्रयागराज की कुछ कंपनियां भी प्रतिभाग कर रही हैं जैसे कि- निहारिका एंटरप्राइजेज, बीके कनेक्टर इंडस्ट्रियल एरिया नैनी एवं प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है हिंदुस्तान ग्लास वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड। समस्त अभ्यार्थी अपने साथ सभी मूल प्रमाण पत्र और छायाप्रति के साथ संस्थान में 10:30 तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं सभी अभ्यर्थियों का ठअढर पोर्टल पर पंजीकरण होना आवश्यक है ठडळए- लोकल कंपनियों का स्टाइपेंड एवं सुविधाएं लोकल कंपनियों के नियमानुसार रहेगी।

# एसडीएम की वायदा खिलाफी से भड़के किसान, तहसील में की ताला बंदी

### किसानों का सामना नहीं कर सके एसडीएम पीछे दरवाजे से भाग निकले, किसानों में आक्रोश

अखंड भारत संदेश

**करछना।** एसडीएम करछना द्वारा 24 घंटे के भीतर पेयजल टंकी लगवाने के अपने वायदे से मुकरने पर किसानों-मजदूरों ने बुधवार को तहसील गेट पर ताला लगा दिया। तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने प्रदर्शन के दौरान एसडीएम प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाये। उल्लेखनीय है कि भारतीय किसान यूनियन (भानु) की मंडल अध्यक्ष मंजू राज आदिवासी ने दो माह पूर्व मुंगारी ग्राम सभा के तारा पर मुहल्ले में एक पेयजल टंकी लगवाने, आदिवासी/ मुसहर परिवार के लिये एसडीएम करछना व खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। लेकिन आज तक न तो पेयजल टंकी लगी और न ही आवास के लिये सर्वे किया गया। बार- बार ज्ञापन देने पर भी कार्रवाई न होने भारतीय किसान यूनियन (भानु) संगठन ने 26 जून को तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों-मजदूरों के आक्रोश को देखते हुये एसडीएम व खंड विकास अधिकारी ने 24 घंटे के भीतर पेयजल टंकी स्थापित करने का आश्वासन दिया। एसडीएम के आश्वासन पर किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। लेकिन दूसरे दिन 24 घंटे



बीत जाने के बाद पेयजल टंकी स्थापित नहीं हुई तो भाकियू (भानु) के मंडल अध्यक्ष राजीव चंदेल ने बुधवार को तहसील गेट में तालाबंदी की घोषणा कर दी। इसके बाद सुबह से ही भाकियू (भानु) संगठन के सदस्य व पदाधिकारी तहसील परिसर में एकत्रित होने लगे। दोपहर बाद जब एसडीएम मौके पर नहीं पहुँचे तो किसानों में आक्रोश बढ़ गया। तीन बजे सैकड़ों की संख्या में किसानों-मजदूरों, महिलाओं ने तहसील गेट में ताला बंद कर दिया। मंडल अध्यक्ष मंजू राज आदिवासी ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होगी तब न तो तहसील गेट का ताला खुलेगा और न धरना- प्रदर्शन समाप्त होगा। तहसील गेट बंद होने की सूचना पर एसडीएम करछना किसानों-मजदूरों मजदूरों की समस्या सुनने की बजाय तहसील केम्पस के पीछे के दरवाजे से भाग निकले। पुलिस प्रशासन के प्रयास के बाद भी एसडीएम वार्ता के लिये तैयार नहीं हुये । जबकि भारतीय किसान यूनियन भानु संगठन के सदस्यों तथा पदाधिकारियों द्वारा एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी होती रही। शाम चार बजे तक कोई तहसील प्रशासन व किसानों-मजदूरों के बीच कोई फैसला नहीं हो सका। धरना प्रदर्शन में मंडल महासचिव केके मिश्र, मंडल महासचिव महिला मोर्चा सुमन अवस्थी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा मधु आदिवासी, मंडल उपाध्यक्ष मनोरमा, जिला संगठन मंत्री अनिल बिन्द, ब्लाक अध्यक्ष करछना मीनाक्षी, तहसील उपाध्यक्ष निर्मला आदिवासी, तहसील सचिव सुषमा आदिवासी सहित सैकड़ों किसान- मजदूर उपस्थित थे।



## कृषि गोष्ठी में किसानों को बीज का किया गया वितरण

### कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को दी तकनीकी जानकारियां

**रत्योरा।** विकासखंड कोरांव के पटेहरी मे ग्राम प्रधान हरिहर सिंह पटेल की अध्यक्षता में कृषि गोष्ठी आयोजित की गई। कृषि संगोष्ठी में आए हुए किसानों को निशुल्क धान का बीज भी वितरित किया गया। गोष्ठी में उपस्थित किसानों को कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा खेती करने की तकनीकी जानकारियां दी गई। किस बीज की मात्रा कितनी डालनी चाहिए, कितनी मात्रा में कितने एकड़ खेत की रोपाई होगी आदि की जानकारी दी गई। किसानों को अत्याधुनिक तरीके से खेती करने हेतु प्रशिक्षित भी किया गया। प्रशिक्षित किसानों को धान का बीज वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संतरा देवी बिंद जिला मीडिया प्रभारी भाजपा महिला मोर्चा यमुनापार ने आए हुए कृषि वैज्ञानिकों की सराहना करते हुए कहा कि अच्छी उपज एवं पैदावार के लिए किसानों का प्रशिक्षित होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन कर किसानों को प्रशिक्षित करते रहने की अपील की। कृषि विभाग के डॉक्टर मुकेश कुमार, डॉ मनीष कुमार केसरवानी, किसान शिव कुमार सिंह, अमरनाथ सिंह, मिश्रीलाल, रमेश कुमार, गीता देवी, संतोष कुमारी, बसंती देवी, सरस्वती देवी सहित कई किसान मौजूद रहे।

# विपक्ष की पटना बैठक को जवाब देगा सोने लाल जयंती समारोह : रामजी पटेल

### एनडीए गठबंधन के सभी दलों के नेता समारोह में करेंगे शिरकत,अपना दल एस की मुखिया केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल दिया है आमंत्रण

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** विपक्ष की पटना बैठक का जवाब अपना दल के संस्थापक सोनेलाल पटेल के जयंती समारोह के जरिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए की सरकार देने की पुरजोर कोशिश में लगी है। दो जुलाई को राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में अपना दल के संस्थापक स्व डॉ सोनेलाल पटेल की जयंती मनाई जाएगी। जिसमें एनडीए गठबंधन के सभी दलों के नेता शामिल होंगे। सभी नेताओं को अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्षा केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने आमंत्रण दिया है। अपना दल यस के राष्ट्रीय



सचिव रामजी सिंह पटेल ने कहा कि डॉक्टर सोनेलाल पटेल शोषित वंचित पिछड़ों एवं कमेंरा समाज के रहनुमा थे। जिनकी जयंती राजधानी लखनऊ में मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन के कई बड़े नेता जहां शामिल होंगे, वही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आतिथ्य में होने जा रहे जयंती समारोह के जरिए लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल भी बजेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष की पटना में हुई बैठक पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह निशाना साधेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रामजी सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष बृजेश पटेल, जिलाध्यक्ष चिकित्सा मंच डॉ हरीश चंद्र सिंह पटेल ने प्रयागराज जनपद से भारी से भारी संख्या में अपना दल एस के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों से समारोह में पहुंचने की अपील की है।

## जानलेवा रेलवे ट्रेक के बगल बने गड्ढों को केवल मिट्टी डाल कर किया गया बराबर

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा के रेलवे फाटक से गुजरी रेलवे पटरियों के इर्द गिर्द गढडा बन गए थे। जिसे रेलवे विभाग ने गिटटी और तार कोल के स्थान पर केवल मिट्टी डाल कर खानापूर्ति कर दी गई।जो मामूली बारिश में और खतरनाक हो जाएगी। बता दें कि मऊआइमा कस्बा के रेलवे फाटक की पटरियों के इर्द गिर्द जानलेवा गढडा बन गए थे। जिससे आए दिन बाइक, ई रिक्शा, ट्राली आदि पलटते रहते थे। लोगों की मांग पर मंगलवार को जानलेवा गढडों को गिटटी तार कोल के स्थान पर केवल मिट्टी डाल कर रेलवे विभाग गढडे तो बंद कर दिए हैं। जो मामूली बारिश में बह कर और खतरनाक रुप धारण कर ले गी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस रेलवे ट्रेक से कई तीव्र गति की ट्रेनें गुजरती हैं। मिट्टी डाल कर पटरी का गढडा बंद करना बहुत ही घातक हो सकता है। सडक नीची है जबकि ट्रेक ऊपर है। रेलवे विभाग की इस गैर जिम्मेदारान हरकतों से किसी दिन बडा हादसा भी हो सकता है।तब रेरवे विभाग हाय तौबा करने पहुंच जाएगी। पटरी पर मिट्टी डाल रहे रेलवे विभाग के मजदूरों ने कहा कि अधिकरियों ने केवल मिट्टी डालने की बात कही है। यदि कोई हादसा हो जाएगा तो आला अधिकारी उन्हें बलि का बकरा बना देंगें।

# सामाजिक समरसता की आधार है कविता : अशोक बेशरम

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** छत्रपति साहू जी महराज पार्क गोल चौराहा सहसों में साहू जी महाराज की 149 वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को जुटे कवियों ने अपनी कविताओं में सामाजिक समरसता, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के रंग विखेरते हुए लोगों से खूब तालियां बटोरी। इस मौके पर जुटे क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों द्वारा जयंती पर छत्रपति साहू जी महराज की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको याद करते हुए शत-शत नमन किया गया। इसके उपरांत वरिष्ठ लोक कवि लालजी सिंह देहाती की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन का कार्यक्रम रखा गया। कवि सम्मेलन में उपस्थित प्रतापगढ की कवयित्री अर्चना सिंह द्वारा प्रस्तुत मां सरस्वती की वाणी वंदना से कविता का आगाज हुआ। कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए हास्य कवि अशोक बेशरम ने अपनी ओज पूर्ण कविता के माध्यम से साहू जी महाराज को सामाजिक




न्याय और समरसता की प्रतिमूर्ति बताते हुए कहा,,,आपको कौन सा विशेषण दूं और किस नाम से पुकारूं मैं, हाथ में कौन सा दिया लेकर आरती उतारू मैं। उन्होंने कहा कविता सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा आधार है। इस अवसर पर कवि राज कुमार अंजाना ने लोगों को रिझाते व हंसाते हुए पढा,, शिक्षा ही वह मास्टर चाबी है जिससे बंद किस्मत के ताले खुल जाते है। युवा कवि धनंजय श्राश्वत ने अपनी ओजस्वी कविता के माध्यम से पंडाल में बैठे लोगों में एक नई ऊर्जा के साथ सौहार्द एवं तेज भरते हुए पढा कि,, मुर्गा नोचे बिना जिनका नहीं बितता था रात न दिन, वो भी गौरैया बचाओ अभियान का नारा लगा रहे हैं। कवि सम्मेलन मे कवि जितेन्द्र जलज ने पढा, शोषित वंचित पिछड़ो के प्रति वो तत्पर आठो याम रहे, जैसे निषाद सबरी मॉ को चाहते सियापति राम रहे। इसी प्रकार कवि उमेश पटेल पारस, कवि कमलेश पाण्डेय कमल, शायर मखदूम फूलपुरी, वीरेन्द्र सिंह विमल एवं हास्य कवि विहारी लाल अम्बर ने भी अपनी रचनाओ पर खूब ठहाके लगवाये पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के उपरांत सामाजिक उत्थान संस्थान के सौजन्य से कवि सम्मेलन के आयोजक शिक्षक सत्येन्द्र सिंह ने कवियों का मंच पर सारस्वत सम्मान करते हुए सभी के प्रति स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व सांसद धर्मराज पटेल, पूर्व विधायक राधेश्याम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामकिशन पटेल, बेला सिंह, राम सिंह, शिक्षक रामानुज सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, डीबी सिंह, प्रहलाद दास, राजेंद्र कुमार सिंह, रविन्द्र सिंह समेत तमाम लोग मौजूद होकर कवि सम्मेलन का आनंद उठाए।

## 17 जुलाई को होगा बार एशोसिएशन तहसील कोरांव का चुनाव : अरुण मिश्रा

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** बार एशोसिएशन तहसील कोरांव का चुनाव 17 जुलाई को सुनिश्चित हो गया है जिसकी तैयारी जोरो पर चल रही है, चुनाव मे संभावित उम्मीदवार अपनी अपनी ताकत झोंक रहे है। बताते चले कि बार एशोसिएशन तहसील कोरांव के चुनाव की सूचना देते हुए निर्वाचन अधिकारी अरुण मिश्रा(बाबा)ने बताया कि मत पत्रों की बिक्री एक जुलाई को ,मतपत्रों को जमा करने की तिथि चार जुलाई को एवं मतपत्रों की जाँच छ जुलाई को व वापसी सात जुलाई को एव अंतिम वैध प्रत्याशियों सूची आठ जुलाई को एव दक्षता भाषण दस जुलाई को ,मतदान



तिथी सत्रह जुलाई को व मतगणना तिथि सत्रह जुलाई को शाम 6 बजे से परिणाम आने तक होगी इस मौके पर निर्वाचन अधिकारी के साथ बार एशोसिएशन तहसील कोरांव के अध्यक्ष उमाकांत तिवारी भी मौजूद रहे।

## सघन क्षेत्र विकास समिति सहसों की नई कार्यकारणी का हुआ चुनाव

**सहसों।** खादी ग्राम उद्योग सहसों की सघन क्षेत्र विकास समिति की एक आवश्यक बैठक बुधवार को सहसों चौराहा स्थित प्रधान कार्यालय पर बुलाई गई। जिसमें समिति की पुरानी कार्यकारिणी भंग कर नई प्रबंध समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी का चुनाव आम सहमति से सदस्यों द्वारा संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर चन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, मंत्री धरणीधर दूबे, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजाराम शुक्ला, विनय कुमार मिश्र, रमेश कुमार द्विवेदी, बेला देवी व सुरेश सहित आदि का चयन किया गया है। इस अवसर पर समिति के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सभी सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# कार्यकताओं ने घर-घर जाकर बताई पीएम मोदी की नौ वर्ष बेमिसाल

अखंड भारत संदेश


**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन पर प्रधानमंत्री के नौ वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ता महा जनसंपर्क अभियान कर सरकार की उपलब्धियों को घर-घर जाकर लोगों को बताया। सहसों मंडल के बगई खुर्द बूथ पर भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने घर-घर संपर्क कर सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए स्टिकर चिपकाकर एवं पत्रक सौंपा। महा जनसंपर्क अभियान में सेक्टर संयोजक शिव शंकर द्विवेदी, मंडल उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाहा, बूथ अध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव, अंकित सरोज सहित भारी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी शामिल रहे।



इसी क्रम में महा जनसंपर्क अभियान में प्रभारी राजधर दूबे के नेतृत्व में बूथ संख्या 120 भोपतपुर पड़ान में कार्यकताओं के साथ जनसंपर्क किया गया। जिसमें नौ वर्ष बेमिसाल के साथ सरकार द्वारा किए गए जनहित एवं जन कल्याणकारी कार्यों तथा नौ साल की उपलब्धियों को बताते हुए पत्रक सौंपा गया तथा घर-घर स्टीकर चिपकाया गया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री पवन शुक्ला एवं मनोज तिवारी, विनय पांडे, लक्ष्मी कांत पांडे आदि शामिल रहे।

### न्यूज झरोखा

## जेसीबी लगा कर दर्जनों ट्रैक्टर से हो रहे खनन से ग्रामीणों में आक्रोश



**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में इन दिनों हो रहे अवैध खनन की शिकायत के बावजूद जेसीबी के जरिए दिन रात ट्रैक्टरों से मिटटियों की ढोलाई जारी है। मऊआइमा में इन दिनों अवैध खनन का कारोबार दिन रात जारी है। बताते हैं कि दिन रात जेसीबी से मिटटियों की खुदाई करके दर्जनों ट्रैक्टरों के जरिए एक से दो किलो मीटर के दायरे में पांच सौ रुपये ट्राली बेचा जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम हरखपुर में तो बेखौफ माफियाओं द्वारा जेसीबी से मिटटियां खोद कर ट्रैक्टरों से मिटटी की ढोलाई हो रही है। हालांकि इसकी शिकायत ग्रामीणों ने अधिकारियों से की लेकिन कोई असर नहीं पड रहा है।

## प्रिया मौर्या को पीएम के परीक्षा पर चर्चा के लिए विचार साक्षा करने पर मिला प्रशस्तिपत्र



**मऊआइमा।** पीएम मोदी के परीक्षा पर चर्चा में अपना विचार रखने पर प्रिया मौर्या को प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया। जिस में लोगों में खुशी का माहौल है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा के ग्राम सरपताही नहर स्थित श्याम मूर्ति मौर्या की पुत्री प्रिया मौर्या तथा पूर्व ब्लाक प्रमुख सुधीर मौर्या की भांजी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा की चर्चा पर अपना विचार रखने पर प्रशस्तिपत्र दिया गया। प्रिया मौर्या कक्षा नौ की छात्रा है। इस बार हाईस्कूल में गयी है।प्रिया मौर्या एम पी वी एम गंगा गोकुलम गद्दोपुर फाफामऊ में शिक्षा ग्रहण कर रही है। प्रिया मौर्या को प्रशस्तिपत्र मिलने पर परिजनों में जहां हर्ष व्याप्त है वहीं क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## मुस्कान किन्नर ने मन्दिर का भूमि पूजन कराया



**मऊआइमा।** मऊआइमा की गददी की मालकिन मुस्कान किन्नन नेमऊआइमा थाना पड़ाव स्थित शिव मन्दिर के पास शनिदेवी, काली माता, गणेश जी की मन्दिर के लिए भूमि पूजन करायी। मऊआइमा थाना पड़ाव स्थित शिव मन्दिर के निकट बुधवार को मऊआइमा क्षेत्र की गद्दी की मालकिन किन्नर मुस्कान ने शनिदेवी, काली माता, गणेश जी की मन्दिर के भूमि पूजन कराया। इस अवसर पर बबलू पंडित ने मंत्रोच्चारण एंव शंख के साथ भूमि पूजा की। इस अवसर पर मक्खन लाल जायसवाल ,विश्वजीत पांडेय ,राजेश मौर्या ,पप्पू पांडेय , अतुल जायसवाल, लालजी जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# गरीब कल्याण,सेवा और सुशासन मोदी सरकार का मूलमंत्र : नीलम

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** केंद्र में मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर आज बुधवार को पूर्व विधायक मेजा नीलम करवरिया ने प्रेस वार्ता कर सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।श्रीमती करवरिया ने कहा, ‟सेवा सुशासन और गरीब कल्याण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मूलमंत्र है। केंद्रीय योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। मोदी की सोच और काम से पूरे विश्व में भारत और भारतवासियों का सम्मान बढ़ा है।2014 में पदभार संभालने बाद प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सर्वांगीण विकास के साथ सर्वसमावेशी एवं सर्वस्पर्शी पर जोर दिया।2014 के पहले रिमोट से चलने वाली सरकार एक भ्रष्ट परिवार की चाटुकारिता में देश का बहुत नुकसान किया। मोदी ने सत्ता संभालते ही भ्रष्टाचार को समाप्त किया।पिछले 9 सालों में किसानों,गरीबों के जीवन स्तर में जहां

पूर्व विधायक मेजा श्रीमती नीलम करवरिया ने बुधवार को उरुवा ब्लॉक में प्रेस वार्ता कर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई




सुधार हुआ वहीं युवाओं को रोजगार,महिलाओं और श्रमिकों को सम्मान मिला।मोदी सरकार जन धन खाता खोलकर जरूरतमंद लोगों को बिचौलियों से मुक्त होकर उनका पूरा हक मिल रहा है।जल -थल -वायु हर क्षेत्र को विकसित कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।आज भारत की पहचान एक शक्तिसंपन्न देश में जो रही है।किसानों के समग्र विकास केलिए कृषि बजट 5.6 गुना की बढ़ोत्तरी की गई है।मोदी सरकार ने राष्ट्रवाद की भावना को जागृत किया।पहले की सरकार में 100 पैसे की तुलना में महज 15 पैसे ही जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाए थे,लेकिन आज जन -धन खाते की बदौलत 100 के 100 पैसे जरूरतमंद लोगों तक पहुंच रहा है। पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ से ज्यादा पक्का घर वह भी मालिकाना हक महिलाओं को दिया गया।पहले किसानों के कर्ज की सिर्फ घोषणा होता थी।आज किसानों को सम्मान निधि के तहत सालाना 6 हजार रुपए मिल रहे है।आज भारत की जीडीपी 112 लाख करोड़ की तुलना में 272 लाख करोड़ है।आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट -अप इकोसिस्टम है।इस ऑफ डूइंग में आज 142 की तुलना में 63 वें स्थान पर हैं।मोदी सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.5 करोड़ शौचालय बनाकर महिलाओं को सम्मान दिलानेंका काम किया।शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में 225 नए मेडिकल कालेज, 7आईआईएम व आईआईटी तथा देश भर में कुल 320 विश्वविद्यालय खोले गए। मोदी सरकार ने आतंकवाद, उग्रवाद और नक्सलवाद पर लगाम लगाया और देश के नागरिक आज अमन चैन की जिदगी जी रहे हैं।सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 2.73 करोड़ खाते खोले गए और महिला लाभार्थियों को 23 करोड़ से अधिक ऋण दिया गया।मोदी सरकार के कुशल नेतृत्व में देश कोरोना जैसी महामारी पर नियंत्रण पाया और भारत में अन्य देशों की तुलना में महंगाई कम है।पहली बार भारत दुनिया के दिग्गज देशों का सम्मेलन ॠ-20 ‚ अध्यक्षता कर रहा है। मेक इन इंडिया के दाम पर भारत आत्मनिर्भर बन गया है।आज 58 हजार किलोमीटर नेशनल हाइवे का निर्माण जो चुका है।वहीं तटीय क्षेत्रों में समग्र विकास के लिए 1537 परियोजनाएं चल रही हैं,जिनकी लागत साढ़े 6 लाख करोड़ है।गरीब कल्याण योजना के तहत लोगों को अनाज उपलब्ध हो रहा है जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल नल से कई गांवो को लाभ मिल रहा है अवशेष मी इसका कार चल रहा है दिव्यता को भव्यता के साथ पर्यटन को बढ़ावा देते हुए काशी उज्जैन कॉरिडोर का निर्माण करवाया गया।बचाव और राहत अभियान में भारत की भूमिका की सराहना की जा रही है।काले धन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बदौलत रिकार्ड जीएसटी कलेक्शन हो रहा है।एक देश एक निशान एक प्रधान मिशन के तहत कश्मीर में लगा 370 धारा 35 को हटाया गया। श्रीमती करवरिया ने कहा कि मोदी सरकार ने सामाजिक सुरक्षा और सामाजिक न्याय को सही अर्थों में परिभाषित कर एक सभ्य समाज का निर्माण किया और भेदभाव रहित समाज में आम जनमानस के जीवन स्तर में व्यापक सुधार किया।आयुष्मान भारत योजना के तहत 18 करोड़ से अधिक रोगियों को इलाज का लाभ पहुंचा है इसके अलावा अन्य कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर मुख्य रूप से नित्यानंद उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि उरूवा पप्पू गौतम , वरिष्ठ भाजपा नेता जय शंकर पांडेय, सुधाकर शुक्ला, पप्पू जेरा,रूप नारायण मिश्रा, अनीश मिश्रा, पुष्कर तिवारी, मनीष पांडेय, राजू मणि नाथ तिवारी, फतेह बहादुर निषाद, कामेश्वर पटेल ,राजा दोगारी धीरज दुबे और जितेंद्र शुक्ला सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## जहरीले चारे से 9 भैस मरी, पशुपालको में हड़कंप

**हनुमानगंज।** क्षेत्र में बुधवार को जहरीला चारा चरने से 9 भैसों की मौत हो गई। भैसों की मौत होने की जानकारी मिलते ही इलाके के पशुपालको में हड़कम मच गया। सुदनीपुर खुर्द पहाड़ीपुर निवासी संतलाल यादव पशुपालक है। दूध बेच कर अपने परिवार का भरणपोषण करते है। उनके पास दो दर्जन भैस है। प्रति दिन उसे चराने गंगा कछार में ले जाते है। बुधवार को भी संतलाल भैस लेकर चराने गए थे। दोपहर में अचानक भैस गस्त खाकर गिरने लगी। 20 मिनट के अंदर 9 भैसों की मौत हो गई। कुछ बीमार बताई जा रही है। पीड़ित की माने तो सभी भैस हरियाणा नस्ल थी और गाभिन भी थी। भैसों की मौत से पशुपालक संतलाल को करीब छह लाख का नुकसान हुआ है।





# शूटर विजय चौधरी एनकाउंटर के गवाह पर हमला, लूट

**अखंड भारत संदेश**


**प्रयागराज।** के धूमनगंज इलाके में गत 24 फरवरी को हुए उमेश पाल शूटआउट में शामिल शूटर विजय चौधरी उर्फ उस्मान के एनकाउंटर के गवाह नीरज शुक्ला पर मंगलवार देर रात जानलेवा हमला किया गया। हमला करने वाला कोई और नहीं बल्कि विजय चौधरी उर्फ उस्मान का भाई राकेश चौधरी और उसके साथी शामिल थे पुलिस के अनुसार बोलेरो से जा रहे नीरज शुक्ला की गाड़ी के सामने खड़े होकर राकेश तमंचे से फायर कर रहा था उसी दौरान नीरज शुक्ला ने अपनी गाड़ी की स्पीड बढ़ाई। जिसकी वजह से राकेश चौधरी उनकी गाड़ी के चक्के में फंस गया और करीब 50 मीटर तक घिसट गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख नीरज बोलेरो छोड़कर पैदल ही गांव की तरफ भाग निकले। पहले तो राकेश चौधरी के साथियों ने नीरज का पीछा किया, लेकिन जब राकेश चौधरी चिल्लाया तो उसके साथी भाग कर वापस आए और बोलेरो के चक्के में फंसे राकेश चौधरी को बाहर निकालकर उसी बोलेरी गाड़ी में लादकर उसे गौहनिया स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए वहां से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा रेफर कर दिया गया दूसरी तरफ नीरज शुक्ला ने कौंधियारा पुलिस को सूचना दी। कौंधियारा पुलिस राकेश चौधरी और गायब बोलेरो को ढूंढने ल्गी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा में राकेश चौधरी पुलिस को मिल गया तो वहां से रेफर कराकर उसे स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में ले जाकर भर्ती कराया उसकी हालत गंभीर है। नीरज शुक्ला की बोलेरो गौहानिया ओवर ब्रिज के



मारे गए शूटर के भाई राकेश ने किया हमला, बोलेरो के चक्के में फंसकर हुआ घायल

पास मिली हैयमुनानगर के कौधियारा थाना अंतर्गत भंभोखर गांव निवासी नीरज शुक्ला और उनका परिवार स्वयं का कारोबार करता है नीरज शुक्ला मोबाइल के थोक सप्लायर हैं इसके अलावा जेसीबी समेत अन्य कारोबार है। कौधियारा बाजार और उनके घर भनोखर की दूरी तकरीबन 10 किलोमीटर है 24 फरवरी को हुए उमेश पाल शूटआउट के बाद पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने इसमें शामिल विजय चौधरी उर्फ उस्मान को उसके गांव से 5 किलोमीटर दूर छह मार्च को एनकाउंटर में ढेर कर दिया था। इस एनकाउंटर में उसके घर वालों ने तमाम आरोप प्रत्यारोप लगाए थे। एनकाउंटर के बाद विजय चौधरी उर्फ उस्मान के अपराधिक रिकार्ड और चश्मदीदों की गवाह के रूप में भंभोखर गांव निवासी नीरज शुक्ला ने गवाही दी थी तब से विजय चौधरी का परिवार उनसे खुन्नस खाया हुआ था कौधियारा से भंभोखर जाते समय रास्ते में किया हमला नीरज शुक्ला के मुताबिक मंगलवार की रात में बाइक से पहले उनके भाई घर के लिए निकले। रास्ते में राकेश चौधरी अपने आधा दर्जन साथियों के साथ गांव के समीप स्थित पुलिया पर मिला। उसने नीरज शुक्ला के भाई को रोका और नीरज के बारे में पूछताछ की। उसके बाद वह चले गए। घर पहुंचकर नीरज शुक्ला के भाई ने नीरज को फोन करके बताया कि राकेश चौधरी तुम्हारे बारे में पूछताछ कर रहा था। नीरज शुक्ला रात में करीब 10.15 बजे अपनी बोलेरो से अपने घर के लिए निकले गांव के समीप स्थित पुलिया के समीप जैसे ही वह पहुचे, सामने राकेश चौधरी पुत्र वीरेंद्र चौधरी, मुन्ना लाल सोनकर पुत्र ननकू, शिव प्रसाद पुत्र राम जोड़ावर, विपिन पुत्र वीरेंद्र कुमार, राकेश भारतीय पुत्र शिवचरण भारतीय और दो अज्ञात के साथ अवैध असलहों से फायरिंग करते हुए उन्हें रोकने की कोशिश की। राकेश चौधरी हाथ में तमंचा लिए उन पर फायरिंग करने लगा। उन्होंने हॉर्न दिया, लेकिन वह हट नहीं रहा था। जान बचाने की नियत से नीरज शुक्ला वहा से गाड़ी तेज करके भागे। जिससे उनकी बोलेरो का धक्का लगा और राकेश गिरकर बोलेरो के चक्के में फंस गया। उसके साथी चीखते हुए बोलेरो के पीछे भागे। इसमें मुन्नालाल प्रधानपति करीब 50 से 75 मीटर तक राकेश बोलेरो के चक्के में फंसा घसीटता हुआ चला गया। जब उसके साथियों के चीखने की आवाज नीरज के कान तक पहुंची तो नीरज घबरा गया और बोलेरो रोककर गाड़ी से उतरकर चिल्लाते हुए गांव की तरफ भागा। कुछ दूर तो उसके साथियों ने नीरज का पीछा किया, लेकिन जब राकेश चिल्लाया तो सब लौट आए और उसे चक्के से निकालकर उसी बोलेरो गाड़ी से अस्पताल लेकर भागे। दूसरी तरफ नीरज ने घर पहुंच कर पुलिस को सूचना दी और बताया कि बदमाशों ने उसकी बोलरो लूट ली है के अनुसार बोलेरो में दुकान के दो लाख रुपए नकद, 30 एंड्रॉयड फोन, 10 कीपैड मोबाइल, एक टेबलेट थे। सरेआम लूट की घटना से हरकत में आई पुलिस ने करीब दो घंटे बाद घटनास्थल से 20 किलोमीटर दूर गौहनीया ओवर ब्रिज (रीवा राजमार्ग) पर नीरज शुक्ला की बोलेरो लावारिस हालत में बरामद कर ली, लेकिन उसमे रखा कैस और मोबाइल नहीं मिला है। कुछ देर बाद पता चला कि राकेश चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा में इलाज के लिए गया है पुलिस वहां पहुंची और वहां से उसे हिरासत में ले लिया। उसके बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे शहर के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने उसे स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में ले जाकर भती कराया उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है उसके बाकी साथी फरार है। राकेश चौधरी के खिलाफ भी कई आपराधिक केस हैं वह अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह में शकरी रहा है। वह जेल से अदालत लाते समय प्रिजन वैन से कूदकर भागने का भी आरोपी है फिलहाल वह जमानत पर है, लेकिन जब उसके भाई का एनकाउंटर हुआ था तो वह जेल में था। मंगलवार की घटना में दो लड़के करेली के होने की सूचना मिली है एसीपी कौंधियारा दिनेश कुमार यादव ने बताया कि घटनाक्रम की जांच की जा रही है। राकेश चौधरी कुछ समय पहले जेल से छूटा है आरोप है कि वह एनकाउंटर के गवाह नीरज शुक्ला को धमकाने के लिए रास्ते में रोक रहा था तभी बोलेरो की टक्कर लगने से घायल हो गया। एफआईआर और घटनाक्रम के अनुसार जांच और कार्रवाई की जाएगी।

## मंगलवार रात हुई बारिश से मौसम का मिजाज बदल चुका है



**नैनी।** नैनी प्रयागराज मंगलवार रात हुई बारिश से मौसम का मिजाज बदल चुका है। न्यूनतम तापमान अपने 24 घंटे पहले के 29.4 डिग्री सेल्सियस से करीब तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में आई इस कमी की वजह से लोगों को रात में ग्मी और उमस से राहत मिली तो सुबह भी मौसम सुहाना रहा। घूरपुर मौसम विज्ञान के अनुसार जिले में एक दिन में 6.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अगले दो दिनों तक बारिश की संभावना बनी रहेगी। इधर, मौसमी बारिश में डॉक्टरों ने लोगों से सतर्क रहने का सुझाव दिया है। फिजिशियन डॉ. मनोज माथुर के अनुसार लोग बारिश में भींगने से बचें। खुले में रखा और दूषित खानपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

# 30 जून तक बारिश और तूफान की संभावना

### मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, जिला प्रशासन ने बनाया कंट्रोल रूम, हेल्पलाइन नंबर भी जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** 30 जून तक भारी बारिश, आंधी और वज्रपात की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी के बाद जिला प्रशासन की ओर से पूरे जनपद में अलर्ट कर दिया गया है। साथ ही एडवाइजरी भी जारी की है एडीएम जगंदबा सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिए गए हैं जगंदबा सिंह ने अपील करते हुए कहा कि यदि मौसम खराब हो तो संभल कर ही घर से निकलें। आपातकाल की स्थिति में 0532-2641577, 0532-2641578, 9454417842 और 7524521390 पर संपर्क कर सकते हैं प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी जब भी रेतीले तूफान या धूल भरी आंधीयों का सामना हो तो आंखों को ढककर रखें। सबसे पहले मास्क लगाएं और फिर आंखों में गागल्स (चश्मा) पहन ले अपने शरीर के प्रत्येक अंग को भी ढककर रखें ताकि धूल के कारण इंफेक्शन न हो अगर आप तूफान में फंस जाते हैं तो सबसे पहले किसी सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। यदि घर के अंदर हैं तो भूलकर भी खिड़की के पास न खड़े रहें यदि आप कार में हैं तो कार के शीशे बंद कर लें और किसी सुरक्षित स्थान पर अपनी कार को खरडी कर लें



तूफान के वक्त गाड़ी के अंदर रेडियो न चलाएं, ऐसा करने से आप आकाशीय विद्युत की चपेट में आ सकते हैं तूफान के वक्त नहाने से बचना चाहिए क्योंकि पानी में करंट सबसे तेजी से फैलता है। घर से निकलना बहुत जरूरी है तो मौसम की जानकारी और अपडेट के साथ ही बाहर निकलें और मोबाइल पर पल-पल की जानकारी लेते रहें सभी सरकारी अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्र अलर्ट मोड में रहेंगे । आकाशीय विद्युत से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव एवं पूर्व चेतावनी के दामिनी ऐप का प्रयोग करें।

## त्योहार को लेकर प्रशासन क्षेत्र में पैदल भ्रमण करते हुए



**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र में बकरा ईद के त्योहार को लेकर एसीपी कौधियारा एवं नैनी थाना प्रभारी बृजेश सिंह क्षेत्र में पैदल भ्रमण करते हुए मेवलाल की बगिया रेलवे क्रॉसिंग कसाई मोहल्ला शंकर ढाल कॉटन मिल थाने की पूरी फोर्स एवं सभी चौकी इंचार्ज साथ में पैदल भ्रमण किए एसपीओ पुलिस मित्र यूथ टीम प्रभारी एवं संचालक अशीष जयसवाल साथ में।



## जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भैया से मिले पूर्व प्रमुख करछना विजय राज सिंह

**करछना।** जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के लखनऊ आवास रामायण पर विजय राज सिंह राजू सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख करछना की आत्मीय मुलाकात कर कुशल क्षेम जाना एवं माननीय राजा भैया जी ने बेंती राजभवन आने का आमंत्रण दिया। ब,ता दें कि पूर्व ब्लॉक प्रमुख विकास खंड करछना विजय राज सिंह उर्फ राजू सिंह ने जो समाज वादी पार्टी के एक जुझारू एवं सक्रिय नेता के नाम से विधानसभा करछना में उनकी अलग पहचान है उन्होंने अपने कुछ दोस्तो के साथ मंगलवार को लखनऊ में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह से मुलाकात कर एक दूसरे का कुशल क्षेम पूछा इस मुलाकात के दौरान राजा भैया ने विजय राज सिंह को अपने निवास वेंती राज भवन आने का निमंत्रण भी दिया शिष्टाचार मुलाकात के दौरान सनी सिंह, अभिषेक सिंह, नन्ही परी श्रेया, आदि मौजूद रहे।

# जातीय जनगणना के मुद्दे को और धार देगी कांग्रेस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जातिगत जनगणना की मांग को लेकर सियासत लगातार तेज होती जा रही है कांग्रेस पार्टी ने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय जनगणना पर फोकस बढ़ाया है। इस मुद्दे के जरिए कांग्रेस पिछड़ी जातियों की गोलबंदी में जुट गई है। बुधवार को जातीय जनगणना के मुद्दे पर जिला कांग्रेस कमेटी गंगापार अध्यक्षक सुरेश यादव की अगुवाई में आलोपीबाग स्थित सरदार पटेल सेवा संस्थान में महासम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक, राजनितिक व ग्रामीण इलाकों से जुड़े लोग पहुचें थे। महासम्मेलन में पहुँचे कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने सभा में बोलते हुए कहा की सामाजिक न्याय के लिए जातिवार जनगणना होनी ही चाहिए। ये सिर्फ हमारी ही नहीं सच्चे सामाजिक लोकतंत्र की भी मांग है। कहा की 2024 में कांग्रेस की सरकार बनते ही जातीय जनगणना करायी जाएगी। प्रदेश कांग्रेस के संघठन सचिव अनिल यादव ने कहा की जातीय जनगणना देश निर्माण को मजबूत करने की योजना है। आरोप



लगाते हुए कहा की बीजेपी पिछड़े समाज के हक अधिकार को समाप्त करने की साजिश में है। वहीं प्रदेश महासचिव विवेकानंद पाठक ने कहा की पेड़ मवेशियों तक की गिनती की जाती है। वही इंसानों में विभिन्न प्रकार के वर्ण है जो किसी से भी छिपा नहीं। इसकी गिनती कराने में केंद्र सरकार को क्या आपत्ति हो रही है। इसके बाद सभी नेताओं ने एक स्वर में जातीय जनगणना के मुद्दों को और धार देने की हुंकार भरते हुए बड़ा आंदोलन करने की सरकार को चेतावनी दी। इस दौरान महासम्मेलन की अध्यक्षकता पूर्व न्यायधीश सभाजीत यादव और पूर्व कुलपति पी०के साहू और संचालन जिला प्रवक्ता हसीब अहमद ने किया इस दौरानः जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, जिला प्रवक्ता हसीब अहमद, अंशुमान पटेल, रईस अहमद, अनिल कुशवाहा, परवेज अशफाक सिद्दीकी, राकेश पटेल, जितेश मिश्रा, मनोज पासी, एहतेशाम अहमद, सुनील यादव, अरशद अली, दिनेश सोनी, मो०हसीन, लाल सिंह पटेल, भानू कुशवाहा, विजय यादव, रीना बिंद, छोटेलाल पटेल, रोहित कुशवाहा, शादाब अहमद, सुनील पासी, नागेश पाण्डेय, संतोष दूबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहें।



## अपना दल कमेरावादी के कार्यकताओं ने किया जनसंपर्क

**लेडियारी।** अपना दल कमेरावादी के कार्यकताओं ने किया जनसंपर्क, वैंदवार, बिरहा, सिंकरो आदि गांवो में जनसंपर्क किया जिसमें मंडल सचिव राकेश सिंह पटेल (पूर्व प्रधान), अभय राज सिंह पटेल जिला अध्यक्ष युवा मंच प्रभारी कोरांव, एडवोकेट अरविंद सिंह पटेल विधानसभा अध्यक्ष कोरांव, राजा राम सिंह पटेल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, गुलाब सिंह पटेल नगर अध्यक्ष कोरांव,पुष्पराज सिंह पटेल ब्लॉक अध्यक्ष कोरांव, सुनील सिंह पटेल विधानसभा सचिव, सूरज सिंह पटेल सेक्टर अध्यक्ष कोरांव, आर के पटेल सेक्टर अध्यक्ष वैदवार, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन प्रशिक्षण में सम्मानित हुए समाज सेवी एवं पंचायत सदस्य

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** वुधवार को ब्लाक सभागार करछना में प्रयागराज यूनाइटेड नेशन प्रोजेक्ट सर्विसेज ऑफ के तहत करछना विकास खंड के प्रधानों पंचायत सदस्यों, लेखपालों, पंचायत सचिवों एवं सामाजिक कार्यकताओं सहित सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों से जुड़े लोगों को प्रशिक्षित उपरांत मिशन की ओर से पुरस्कार से सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज कल्याण विभाग के अमन सोनकर, एवं विशिष्ट अतिथि सचिव आदित्य कुमार पौडवाल के द्वारा पुरस्कृत किया गया इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि अमित कुमार, देवरी, गजेन्द्र द्विवेदी पूर्व बीबीसी, विभव नाथ, हर घर जल योजना के अंतर्गत ? जल जीवन मिशन ₹ हर घर जल₹ की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके को लेकर करछना ब्लाक सभागार में आयोजित



दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि सरकार की महत्वपूर्ण योजना में सन् 2024 तक जल जीवन मिशन में हर घर जल एवं नल हों अंतर्गत मंगलवार को विकास खण्ड स्तरीय दो दिवसीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्राम स्तर के सरकारी एवं गैर सरकारी कर्मियों को ₹प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षित किए गए जिसमे बीस ग्राम पंचायत के वार्ड मेम्बर को प्रशिक्षण दिया गया,उपस्थित ग्राम पंचायत सदस्य- विभव नाथ ,देवरी कला, चंद्र बहादुर ,रोकडी,संगीता पटेल,पचदेवरा मुकेश कुमार ,रामगढ आदि सहित बडी संख्या में महिला वार्ड सदस्यों ने बढ़चढ़ कर प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया, आयोजक संस्था मेरापथ एजुकेशन लिमिटेड नोएडा के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा क सूर्य प्रकाश निषाद ब्लॉक कोआर्डिनेटर, अजीत कुमार, नारायण द्विवेदी, राजेश कुमार प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## महीनो से जल निगम का मोटर खराब जल आपूर्ति ठप



**जारी।** क्षेत्र के गड़ैया गांव में पंप नंबर 2 में जल निगम का मोटर खराब होने की वजह से जल आपूर्ति ठप हो गई है। लापरवाही के कारण गड़ैया गांव जारी में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है जिससे लोगो के घर मे पीने का पानी तक नही है। कनेक्शन धारियों का कहना है कि विगत महीनों से जल निगम का मोटर खराब हो गया है। जबकि इस जल निगम से लगभग कई कनेक्शन धारियों को जलापूर्ति की जाती है। लेकिन ठप जलापूर्ति के कारण ग्रामीण दर दर भटक रहे है । पेयजल जलापूर्ति न होने से लोगों में नाराजगी है।क्षेत्र के जारी गढ़ैया कला , खुर्द , समेत गाँव के लोग जलापूर्ति की समस्या से जूझ रहा है। स्थानीय लोगो ने बताया कि मोटर खराब होने की वजह से समस्या बढ़ी है। जिससे तीनो ग्राम पंचायतो में लगा दर्जनों से अधिक हैण्डपम्प खराब पड़ा हुआ जो चल रहे हैं वह खारे पानी दे रहे हैं जिसको पीना मुश्किल है। गांव के कमलेश मिश्रा, धनंजय शुक्ला , नीरज तिवारी, अशोक कुमार , अब्दुल सलाम उर्फ गुब्बा, लालजी विश्वकर्मा, सुरेश चंद्र पांडे, रामायण प्रसाद, दयानंद श्रीवास्तव ने संबंधित अधिकारियों को जानकारी के बावजूद भी अनदेखा कर रहे हैं।शिकायत के बाद भी कोई भी विभागीय अधिकारियों के कान में जू तक नही रेंग रहा।

## सावन मास के कांवर यात्रा और बकरीद को लेकर लालापुर थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक



**लालापुर।** आगामी सावन मास व अधिकमास में क्षेत्र के लालापुर गांव स्थित मनकामेश्वर धाम में गंगा जल भर कर आने वाले कांवरियों की सुरक्षा को लेकर बुधवार के दिन लालापुर थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई । पीस कमेटी बैठक की अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष लालापुर अजय कुमार मिश्र ने कहा कि उक्त दो मास के पवित्र महीने में शासन की मंशानुरूप ही हम सबको काम करना है । यदि कहीं भी किसी ने भ्रामकता व अराजकता फैलाने की हिमाकत की तो उसके साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी । इस बीच थानाध्यक्ष ने मनकामेश्वर धाम मंदिर के प्रबंध तंत्र व पुजारियों से भी मंदिर सुरक्षा व्यवस्था पर वार्ता की । एसओ लालापुर अजय कुमार मिश्र ने मौजुद गणमान्य व जनप्रतिनिधियों के अपील करते हुए कहा कि सावन के पवित्र मास में जो गाइड लाइन अधिकारियों द्वारा दी जाएगी हम लोगो को भी उसी गाइड लाइन का अक्षरशः पालन करना है । इस मौके पर प्रधान लालापुर शंकर लाल पांडेय,प्रधान नौढिया सूरज शुक्ल,प्रधान दीपेश मिश्र,महेंद्र कुमार ,राजू पांडेय,मिलन,श्यामू निषाद,विरेन्द्र पांडेय,आशीष मिश्र,दीपक पांडेय,छेदी गर्ग आदि लोग मौजूद रहे।

# डॉ. दिनेश सोनी बने कांग्रेस प्रदेश पीसीसी सदस्य, जोरदार स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** कांग्रेस कार्यकताओं ने नव नियुक्त प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य पी सी सी बनाए जाने पर डाक्टर दिनेश कुमार सोनी का जोर दार स्वागत किया उपस्थित कांग्रेस कार्यकताओं ने इसके लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वृजलाल खबरी प्रान्तीय अध्यक्ष अजय राय राजेश तिवारी कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी यमुनापार अध्यक्ष माननीय अरुण तिवारी को बहुत बहुत बधाई आभार स्वागत समारोह के मुख्य अतिथि यमुनापार के क्रांतिकारी अध्यक्ष अरुण तिवारी ने कहा कि डाक्टर दिनेश कुमार सोनी जी विद्यार्थी जीवन से ही संघर्षशील व क्रांतिकारी रहे हैं इनका राजनैतिक सफर युवक कांग्रेस के न्याय पंचायत अध्यक्ष युवक कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष सम्पूर्ण इलाहाबाद जिला महासचिव में



कमेटी में ब्लाक अध्यक्ष वर्तमान जिला महासचिव इनकी मेहनत को देखते हुए प्रियंका गांधी के दखल पर प्रदेश कांग्रेस में स्थान मिला इसके लिए डा दिनेश सोनी जी को बहुत बहुत बधाई हार्दिक शुभकामना मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि डा सोनी जी कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए गति देने के लिए अपना अहम सहयोग देंगे अन्त में जिला अध्यक्ष जी ने उपस्थित कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया स्वागत समारोह का संचालन करते हुए ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश पाण्डेय एंडो जी ने कहा कि डाक्टर दिनेश कुमार सोनी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में पद मिलने से करछना के कांग्रेस कार्यकताओं पदाधिकारियों का हौसला बढ़ा है ब्लाक अध्यक्ष ने बताया कि आगामी बैठक 7 जुलाई को निदौरी में 3 बजे होगी नव नियुक्त प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य पी सी सी डा दिनेश कुमार सोनी ने उपस्थित माननीय जिला अध्यक्ष जी पदाधिकारियों कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में पी सी सी बनाए जाने पर डा दिनेश कुमार सोनी को बधाई देने वालों में सर्व श्री प्रकाश पाण्डेय एंडो ब्लाक अध्यक्ष राम छबिले मिश्र जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र उपाध्याय सारंग धर द्विवेदी नागेश पांडेय आशीष कुमार मिश्र एंडो अनिल कुमार पाण्डेय राज कुमार पटेल दरोगा जी आनन्द पटवा व वृजेश पटेल दरोगा वेदप्रकाश एडवोकेट राजू शारदा प्रसाद गुरु चरण मास्टर नीरज कुमार मिश्र राकेश कुमार पटेल वृजबलि कुशवाहा आयुश प्रजापति हेमराज मिश्र आयुश मिश्र आदि रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम की पाल्सी नंबर 314321572 में मेरा नाम भूल वश ज्ञान सिंह पुत्र जसवंत सिंह लिख गया है जो गलत है मेरा सही नाम उग्रसेन जसवंत सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी अलीपुर जीता जनपद कौशांबी है।

## भांगयुक्त औषधि की बिक्री करने पर होगी कार्यवाही

**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 सरोज शंकर राम ने जनपद के समस्त आयुर्वेदिक औषधि निमार्ता/विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि भांगयुक्त औषधि (मुनक्का वटी/मुनक्का गोली/मुनक्का चूर्ण) का निर्माण एवं विक्री पूर्णरूप से प्रतिबन्धित है। इसके सेवन से युवाओं के साथ-साथ छोटे-छोटे बच्चे व स्कूली छात्र भी नशे के आदी हो रहे है तथा इसके सेवन से व्यक्ति के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होने बताया है कि यदि भांगयुक्त औषधि का निर्माण एवं विक्री करते हुये पाये जाने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# मिलावटी खाद्य पदार्थो की विक्रय होने पर करें कार्यवाही: डीएम

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जिला स्तरीय समिति एवं शासी निकाय (डूडा) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की समीक्षा में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा प्रर्वतन कार्यवाहियों एवं जन जागरूकता हेतु किये गये कार्यक्रमों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।



जिला स्तरीय समिति की बैठक में बोलते डीएम प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव

जिलाधिकारी ने खाद्य पदार्थो में मिलावट के रोकथाम के लिये अब तक किये गये प्रयासों की जानकारी प्राप्त की तथा खाद्य सुरक्षा के सम्बन्ध में और अधिक जन जागरूकता एवं प्रचार प्रसार करने पर बल देने हेतु निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विद्यालयों में विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। उन्होने निर्देशित किया कि जनपद में मिलावटी खाद्य/पेय पदार्थो की विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु नियमित रूप से निरीक्षण एवं प्रर्वतन की कार्यवाही करें। उन्होने खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि कोई खाद्य कारोबारकर्ता मिलावट करता है तो उस पर जुमार्ना लगाया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जो खाद्य पदार्थ दिये जाते है उनकी समय-समय पर जांच करते रहे। जिलाधिकारी ने शासी निकाय (डूडा) की बैठक कर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं पीएम स्वनिधि योजनाओं की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शत प्रतिशत लाभार्थियों का चयन हो गया है जिस पर जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवास हेतु जो फार्म भराये गये है उनकी गहनता से जांच करना अति आवश्यक है तथा जनपद में नई नगर पंचायतों से आवास हेतु जो सूची प्राप्त हुई है उन नगर पंचायतों के लाभार्थियों की जांच विधिवत की जाये। बकरीद एवं कांवड़ यात्रा के त्योहार के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां पर मस्जिद व मन्दिर है वहां पर साफ-सफाई एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, यदि कहीं पर कोई समस्या आ रही हो तो उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा, पीओ डूडा जितेन्द्र पाल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नाबालिग दलित बच्ची को युवक ने पीटा, दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दलित नाबालिग लड़की को आम बीनने को लेकर गांव के ही एक युवक ने मारा तथा बाल पकड़ कर घसीटा। साथ ही सहयोगियों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली दिया। बता दें कि पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सरसतपुर ग्राम सभा के पूरे पुरेखिरोधर निवासी राजेश कुमार का आरोप है कि उसकी 12 वर्षीय पुत्री सुधा अपने आम के बगीचे में आम बिनने गई थी। उसी समय गांव के ही एक युवक ने हमारी पुत्री को बिना किसी कारण के बाल पकड़कर घसीटते हुए मारने लगा और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली दिया। जब इस घटना की जानकारी घरवालों को हुई तो वह आरोपी के घर जाकर उलाहना देने लगा तभी युवक के सहयोगियों द्वारा पीड़िता के पिता एवं परिजनों को जातिसूचक शब्दों से गाली देते हुए भगा दिया। इन सारी घटनाओं की जानकारी पीड़िता के पिता ने पट्टी कोतवाली में नामजद तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# प्रधानमंत्री ने विदेश में बढ़ाई भारत की ख्यातिः राजा अनिल

## मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर महासंपर्क अभियान के तहत प्रधानमंत्री ने मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के द्वारा पूरे देश के लगभग 10 लाख बूथों को मध्य प्रदेश से एक साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से संबोधित किया।

इस कार्यक्रम को पूरे जिले में संपन्न कराया गया। सदर मंडल कार्यक्रम की संयोजिका जिला अध्यक्ष रुचि केसरवानी व मुख्य अतिथि राजा अनिल प्रताप सिंह रहे। इस अवसर पर राजा अनिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यों से देष ही नहीं, विदेषों में भारत की ख्याति बढ़ाई है। आज उनके सम्बोधन में जो बातें सामने आई है, उससे गर्व से सीना चैड़ा हो जाता है। उनका कार्यकताओं से सीधे बातचीत करना उनकी महानता को प्रदर्षित करता है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष महावीर पाल, सुशीला सरोज, सारिका श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, विजय कुमार, गजराज सिंह सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सुनते राजा अनिल प्रताप सिंह।

# आशनाई में हुई थी सोनू की हत्या, उदयपुर पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को भेजा जेल

## एसपी के तल्ख निर्देश पर पुलिस को मिली सफलता, पिस्टल व कारतूस भी बरामद

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र मे आशनाई मे हुई युवक की हत्या को लेकर उदयपुर पुलिस ने तीन हत्यारोपियो को धर दबोचा। एसपी सतपाल अंतिल के कडे निर्देशन में उदयपुर पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए हत्यारोपियों के पास से एक पिस्टल व कारतूस तथा घटना मे प्रयुक्त बाइक भी बरामद करने मे सफलता ली है।

उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे बसावन राहाटीकर निवासी दीपक सिंह उर्फ सोनू की गोली मारकर बीती चैबीस जून को सुबह हत्या कर दी गयी थी। मृतक का शव पडोसी जिले रायबरेली के सलोन थाना के गाडी सई घाट पर बरामद हुआ था। हत्या की घटना को लेकर मृतक के चाचा पूरे केशवराय थाना कोतवाली नगर निवासी शेष कुमार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। एसपी सतपाल अंतिल ने घटना के आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए उदयपुर पुलिस को कडे निर्देश दे रखे थे। अपर पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्र एसपी के निर्देश पर घटना की स्वयं मानीटरिंग भी कर रहे थे। मंगलवार की देर रात उदयपुर एसओ निकेत भारद्वाज फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। रात करीब ढाई बजे सूचना पर फोर्स ने थाना क्षेत्र के रामपुर कसिहा साईं धाम गेट के समीप हत्यारोपी पूरे बसावन मजरे राहाटीकर निवासी सूर्यदेव यादव के पुत्र अंकित यादव तथा इसी गांव के लक्ष्मण कोरी के पुत्र रंजीत कोरी को धर दबोचा।

पुलिस ने हत्या मे प्रयोग मे लायी गयी एक पिस्टल तथा दो कारतूस व घटना मे प्रयोग मे आयी पल्सर बाइक को भी बरामद कर लिया गया। वहीं फोर्स ने हत्याकांड मे शामिल अंकित यादव की प्रेमिका ममता सिंह पुत्री अमर सिंह को भी बुधवार की सुबह उसके घर से हिरासत मे ले लिया। आरोपी अंकित यादव के पास से पिस्टल व कारतूस बरामद हुआ। वहीं आरोपी रंजीत कोरी के बताने पर मृतक सोनू सिंह का टूटा मोबाइल व घटना मे प्रयुक्त पल्सर बाइक बरामद किया गया। हिरासत मे ली गयी अभियुक्ता के कब्जे से पुलिस को दो मोबाइल फोन भी हाथ लगे हैं। सोनू की हत्या की वजह आशनाई ही निकली। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपिता ममता का गांव के अंकित यादव से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सोनू को कहीं से अंकित और ममता का फोटो और वीडियो हाथ लग गया था। सोनू इसी वीडियो व फोटो की आड़ मे ममता को ब्लैकमेल करने लगा। ममता ने यह बात अंकित को बतायी तो अंकित ने सोनू को रास्ते से हटाने की योजना तैयार की। सूत्रों के मुताबिक घटना के दिन ममता ने सोनू को अलसुबह फोन से गांव के छोर पर मिलने को बुलाया। सोनू वहां पहुंचा तो पहले से ही मौजूद अंकित व उसके साथी रंजीत ने गोली मारकर सोनू की हत्या कर दी। ममता को आरोपियो ने बाइक से उसके घर वापस पहुंचा दिया। उदयपुर पुलिस ने हत्यारोपियों को बुधवार को जेल भेज दिया।

# 36वीं पुण्यतिथि पर याद किय गये स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिव बालक

## सदर विधायक, पूर्व विधायक व एसडीएम ने श्रद्धा सुमन किया अर्पित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बाबू शिवबालक राम पासी स्मृति मंच व समन्वय सेवा संस्थान, प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में बाबू शिव बालक राम पासी की 36वीं पुण्यतिथि ग्राम सभा-सराय महिमा में उनके समाधि स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाम से रोड का नामकरण व नये स्मृति द्वार का निर्माण की घोषणा करते हुए उनके के बताए हुए मार्गों पर चलने का आवाहन किया।

कार्यक्रम के उद्घाटन अतिथि पूर्व विधायक और प्रदेश अध्यक्ष अपना दल (एस) राजकुमार पाल ने अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए स्वतंत्रता आंदोलन के क्रांतिकारियों से समाज को विशेषकर युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए।



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते विधायक राजेन्द्र मौर्य।

उपजिलाधिकारी बी0 के0 प्रसाद ने बच्चों को शिक्षा व राष्ट्र निर्माण में युवाओं व बच्चों की भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ दया राम मौर्य रत्न को बाबू शिव बालक राम पासी सद्भावना सम्मान से विधायक एवं पूर्व विधायक ने सम्मानित किया साथ युवा प्रतिभावों व बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन युवा साहित्यकार दिनेश सरोज व आभार लीलावती व ग्राम प्रधान संदीप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया इस अवसर पर राम सजीवन सरोज, अनूप सिंह, शोभा कनौजिया, डॉ0 श्रीनाथ संजय, मुकेश कुमार, राजेन्द्र प्रसाद सरोज, विवेक कुमार, श्याम शंकर सरोज, वेद प्रकाश, राजीव आर्य, रंजू, राजेश सरोज, अशोक सरोज, रवि प्रकाश, रामदेव, महेश मणि, कल्पना कन्नोजिया, सी0पी0 राव, हीरा लाल मौर्य, संजीव सोनी, शिव प्रसाद सरोज, अर्जुन, विजय शंकर, हरी श्याम मौर्य, सुरेन्द्र विमल, आदि उपस्थित रहे।

## महिला दलालों को पकड़ कर ले गई पुलिस, अफरा तफरी मची

**प्रतापगढ़।** महिला अस्पताल में महिला दलालों की बीच हुई मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद इनके खिलाफ कार्रवाई के मूड में नजर आई पुलिस ने बुधवार को राजा प्रताप बहादुर पुरुष अस्पताल से कुछ महिला दलालों को पकड़ा। उन्हें चैकी ले गई। इससे अस्पताल में अफरा तफरी मच गई। दलाल भागना शुरू कर दिए। सिपाहियों ने वीडियो भी बनाया है। अस्पताल चैकी को सूचना मिली कि कुछ महिला दलालों का झुंड पुरुष अस्पताल के पर्चा काउंटर के पास खड़ा होकर मरीजों को बरगला रहा है। चैकी के लोग फौरन अस्पताल पहुंच गए। वहां खड़ी कुछ जानी पहचानी महिला दलालों को पकड़ा। उसके बाद दलाली में लिप्त लोग भागने लगे। चैकी इंचार्ज ने चेतावनी दी कि अगर कोई दलाली करता मिला तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। खास बात यह है कि कतिपय आशा बहुएं भी इस तरह के कार्य में लिप्त हैं। जो अपनी पोस्टिंग वाली जगह छोड़कर दिन भर अस्पतालों में मंडराती हैं।

# बबन सिंह मेला प्रबन्धक व राज किशोर मिश्र उप प्रबन्धक चुने गए

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पाण्डव कालीन भयहरणनाथ धाम में आगामी 4 जुलाई से 31 अगस्त तक होने वाले सावन मास तथा 18 जुलाई से 16 अगस्त तक होने वाले अधिकमास मेले के सम्बन्ध में प्रबन्ध समिति की बैठक धाम में हुई। बैठक में मेला व्यवस्था में प्रबन्ध समिति, प्रशासन, पुलिस व नगर पंचायत से समन्वय स्थापित कर सुचारू व्यवस्था हेतु उपाध्यक्ष प्रशासन बबन सिंह को मेला प्रबन्धक चुना गया।

वहीं सचिव संगठन राज किशोर मिश्र को उप प्रबन्धक चुना गया। प्रबन्ध समिति ने पार्किंग स्थल के कब्जा सहोने से मेला में भीड बढने पर अव्यवस्था उत्पन्न होने की आशंका व्यक्त करते हुए प्रशासन से समुचित सहयोग हेतु आग्रह किया है। धाम के अध्यक्ष आचार्य राज कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का



भयहरणनाथ धाम में पूजा पाठ करते पदाधिकारी।

संचालन महासचिव समाज शेखर ने किया। महासचिव समाज शेखर ने प्रबन्ध समिति को अवगत कराया कि मलमास व सावन मास में प्रत्येक सोमवार व मंगलवार को व्यक्तिगत रूद्राभिषेक हेतु भक्त गण बडी संख्या में पधारते हैं। जिस पर काफी चर्चा के बाद सर्व सम्मति से तय हुआ कि सोमवार को अध्यक्ष व मुख्य मन्दिर के पुजारी सुव्यवस्था को घ्यान में रखकर नियमानुसार बारादरी में पूजन कार्य सम्पन्न करायेगें वहीं मंगलवार को व्यापक जनहित में निजी अनुष्ठान पुर्णतया प्रतिबन्धित रहेगें। वहीं तय हुआ कि मेला व मन्दिर क्षेत्र में किसी भी प्रकार के निजी, व्यवसायिक व राजनैतिक बैनर व अन्य प्रचार सामगी नही लगेगें। बैनर, गेट आदि का निर्माण मेला समिति के दिशा निर्देश के अनुरूप नियमानुसार मेला सजाने हेतु लगाए जाएगें। जिसके दिशा निर्देश तैयार करने की जिम्मेदारी महासचिव समाज शेखर व कोषाध्यक्ष लाल जी सिंह को दी गई।

## बकरीद की पूर्व संध्या तक नपा ईदगाह में करती रही सफाई

### मस्जिदों के आसपास भी हुई साफ-सफाई, बाजारों में रही भीड़

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बकरीद की पूर्व संध्या पर नगर पालिका के 50 सफाई कर्मचारी ईदगाह की सफाई करते रहे। गुरुवार को बकरीद का पर्व मनाया जाएगा जिसको देखते हुए नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने ईदगाह व मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई के निर्देष जारी किये थे। इसके तहत ईदगाह में तो पिछले दो दिनों से नगर पालिका के सफाई कर्मचारी सफाई करते रहे। बुधवार को शहर के सभी मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई की गई। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अपरान्ह में एक बजे से छह बजे तक लगातार 50 से अधिक सफाई कर्मचारी मस्जिदों व ईदगाह में लगे रहे। गुरुवार की सुबह सभी मस्जिदों के सामने चूने का छिड़काव भी किया जाएगा। आज बाजारों में बकरीद की खरीदारी को लेकर भीड़ रही। यह मुसलमानों का बड़ा त्योहार है। इस वर्ष कुर्बान किये जाने वाले बकरों की भी कीमत बढ़ी रही।



ईदगाह में साफ-सफाई करते नगर पालिका के सफाई सर्मचारी।

# नगर पंचायत पट्टी मे भाजपा के जिला प्रभारी ने की चाय पर चर्चा

## नरेन्द्र मोदी को दुबारा प्रधानमंत्री बनाये जाने की अपील

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा एवं सुशासन के नव वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी, राजा अनिल प्रताप सिंह, जिला महामंत्री राजेश सिंह, देवसरा मंडल प्रभारी आत्म प्रकाश मिश्र तथा धर्मेंद्र सिंह के साथ पट्टी में जिला योजना समिति के सदस्य एवं पट्टी मंडल महामंत्री रामचरित्र वर्मा के आवास पर पट्टी नगर के व्यापारियों एवं भाजपा पदाधिकारियों के साथ चाय पर चर्चा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

इसमें पार्टी मंडल अध्यक्ष शिव कुमार वर्मा, पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शिव कुमार चैरसिया, आईटी प्रमुख आलोक सोनी, पूर्व सभासद शिव कुमार पांडे, पूर्व चेयरमैन खेदन लाल जायसवाल, श्याम लाल जायसवाल, रमाशंकर जायसवाल, राम बहादुर पाल, अरविंद उमरवैश्य, डॉ जयप्रकाश वर्मा, अमर बहादुर वर्मा, मोहम्मद नसीम, तीर्थराज गुप्ता, मामा खंडेलवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। जिला प्रभारी ने कहा कि आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी है तथा विश्व के सबसे मजबूत नेता नरेंद्र मोदी हैं जिनके नेतृत्व में भारत अपने गौरवशाली इतिहास को लेकर विश्व में आगे बढ़ रहा है तथा समाज के सबसे गरीब व्यक्ति को सबका साथ सबका विश्वास और सब के प्रयास के मंत्र को लेकर विकास किया जा रहा है। राजा अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि भारत के गौरवशाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्थन एवम पुनः 2024 में प्रधानमंत्री बनाने के लिए 90-90-90-2024 पर मिस कॉल कर अपना समर्थन दें। आयोजक रामचरित्र वर्मा ने आए हुए अतिथियों का भाजपा का पट्टा एवं टोपी तथा गमछा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया।



चाय पर चर्चा कार्यक्रम में मौजूद जिला प्रभारी नागेन्द्र रघुवंशी व राजा अनिल प्रताप।

## बाबा धाम में आज अरघा पर चांदी के सौन्दर्यीकरण की सौगात सौपेंगे प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में आज गुरूवार को राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी देवाधिदेव श्री घुश्मेश्वर महादेव के अरघा पर चांदी की सौन्दर्यीकरण की आस्था की सौगात श्रद्धालुओं को समर्पित करेंगे। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा प्रमोद तिवारी की छोटी सुपुत्री डा. विजयश्री सोना एवं स्वयं तिवारी के निजी संकल्पो के साथ बाबा के अरघा को चांदी की मनोहारी चमक मिली है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने यहां दी है।

## ननिहाल में हुआ मुठभेड़ में मारे गये इनामिया बदमाश गुफरान का कफन-दफन

### सरकार ने सवा लाख का घोषित किया था इनाम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पडोसी जिले कौशाम्बी में प्रतापगढ़ के इनामिया बदमाश के इनकांउटर में मारे जाने को लेकर बुधवार को उसके पैतृक गांव में कडी पुलिस सुरक्षा में उसका कफन दफन हुआ। लीलापुर थाना के शाहीपुर कटवढ़ निवासी गुफरान हत्या समेत कई गंभीर वारदातो मे पुलिस की नजर पर चढ़ा हुआ था। गुफरान पर सरकार ने सवा लाख का इनाम भी घोषित कर रखा था।

गुफरान कौशाम्बी में किसी खौफनाक घटना को अंजाम देने की फिराक मे था कि एसटीएफ ने उसकी घेराबंदी कर सत्ताईस जून कर सुबह उसे मार गिराया। गुफरान के इनकांउटर मे मारे जाने की जानकारी मिलने पर उसके ननिहाल में भी सन्नाटे का माहौल बन गया। कौशाम्बी में इनकांउटर मे मारे गये बदमाश गुफरान के शव को पीएम के बाद औपचारिकताओं को पूरा कर पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया। कडी सुरक्षा में गुफरान का शव गांव लाया गया। यहां बुधवार की सुबह करीब दस बजे परिवार के लोगों ने कब्रिस्तान में उसका कफन दफन कर दिया। गुफरान के कफन दफन को लेकर लीलापुर पुलिस हाईअलर्ट मे दिखी। लीलापुर प्रभारी निरीक्षक सुभाष यादव समेत भारी फोर्स के साथ एहतियातन डटे दिखे। गुफरान का यहां ननिहाल था। अभी उसकी शादी नही हुई थी। उसकी मां नसरीन बेगम उर्फ गुडडन तथा नानी जमातुलनिशा जरूर गमजदा दिखी। गुफरान के सुपुर्दे खाक के समय गांव तथा रिश्तेदारों के अलावा अगल बगल के भी गांवो से दो तीन सौ लोगों की मौजूदगी देखी गयी। हालांकि गुफरान के इनकांउटर को लेकर कोई कुछ भी बोलने को तैयार नही दिखा।

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान केके राम ने अवगत कराया कि राजकीय निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में माह अगस्त 2023 से प्रारम्भ प्रशिक्षण सत्र के लिए वेबसाइट पर 03 जुलाई 2023 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

### करंट की चपेट में आने से एक मवेशी की मौत

**कौशांबी** सराय अकील थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रक्सराई मे करंट की चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई विद्युत विभाग की लापरवाही से ट्रांसफॉर्मर से करंट खंभे के स्टे में उतर जाने से रक्सराई निवासी दशरथ पासी की भैंस करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी विद्युत विभाग की लापरवाही से ऐसी वारदात जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आए दिन होती रहती है विद्युत विभाग के अधिकारी कानों में तेल डालकर बैठे हैं।

# बाग में पेड़ से बंधा मिला युवक का शव परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के चायल कस्बे में अमरूद के बाग में एक युवक का शव पेड़ से बंधा हुआ मिला है युवक के दोनों पैर जमीन पर पूरी तरह से टिके हुए हैं परिजनों ने हत्या कर शव पेड़ से बांधने का आरोप लगाया है युवक लखनऊ में रहकर मिस्त्री का काम करता था 26 जून की रात्रि में 11:00 लखनऊ से वह वापस घर आया था और 27 जून को 11:00 बजे दिन में घर से बाइक लेकर निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कहीं जानकारी नहीं मिली 28 जून की सुबह गांव वालों ने देखा कि अमरूद के बाग में रस्सी के सहारे युवक का शव पेड़ पर बंधा हुआ है दोनों पैर जमीन पर टिके हुए हैं मामले की सूचना जंगल में आग की तरह पूरे गांव में फैल गई मामले की सूचना मिलते ही रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी

**युवक के दोनों पैर जमीन पर पूरी तरह से टिके हुए हैं**



गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिजनों ने हत्या कर शव पेड़ से बांधने का आरोप लगाया है। घटनाक्रम के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के चायल कस्बा के गाँधी नगर निवासी गोविंद कुमार उम्र 26 वर्ष पुत्र अलगू लखनऊ में रहकर मिस्त्री का काम करते थे वह 26 जून की रात्रि अपने गांव वापस लौटे थे और 27 जून को 11:00 बजे सुबह बाइक लेकर घर से निकल गए लेकिन वापस नहीं लौटे वापस न लौटने पर परिजन परेशान हो गए काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं पता नहीं चल सका 28 जून की सुबह जब ग्रामीण खेत की ओर जा रहे थे तो देखा कि अमरूद के बाग में पेड़ से एक शव बंधा हुआ है जिसके दोनों पैर जमीन पर पूरी तरह से टिके हुए हैं मामले की सूचना लोगों ने अलगू के परिवार को दी लाश पेड़ से बंधी होने की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए 2 वर्ष पहले अलगू की शादी राजकुमारी के साथ हुई थी पति की मौत की जानकारी मिलते ही अपने 2 माह के बेटे सूरज के साथ राजकुमारी भी घटनास्थल पर पहुंच गयी घटनास्थल हत्या कर शव बांधने की गवाही दे रहे हैं मामले की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अलगू की हत्या क्यों की गई है यह रहस्य बरकरार है परिजनों ने हत्या कर लाश को पेड़ से बांधने का आरोप लगाया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है खबर लिखे जाने तक अलगू की मौत से पर्दा नहीं उठा है।

# दावत में गए अधेड़ की हत्या

**यह कैसी आत्महत्या न फांसी लगी है न ही लटक रहा है फिर भी आत्महत्या!**

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के महमद पुर में एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी ना फांसी का फंदा लगा है ना लाश लटक रही है फिर भी आत्महत्या की कहानी बताई जा रही है सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक दावत गया था और वापस नहीं लौटा उसकी लाश दीवार के सहारे खड़ी है आशंका जताई जा रही है कि हत्या करने के बाद हत्यारों ने लाश को दीवार के सहारे खड़े कर दिया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी लाल चन्द्र सरोज उम्र 46 वर्ष पुत्र छेदी लाल गाँव के ही एक ब्यक्ति के साथ एक दिन पहले गाँव में ही एक निमंत्रण में गया था लेकिन वह वापस नहीं लौटा उसी निमंत्रण में किसी से विवाद हो गया था उसके बाद ही उसी रात में लाल चंद्र की मौत हो गयी लाश में ना फांसी का फंदा है ना लाश लटक रही है लाश दीवार के सहारे टिकी है फिर यह कैसे आत्महत्या है आशंका जताई जा रही है कि अधेड़ की हत्या करने के बाद लाश को दीवाल के सहारे हत्यारों ने खड़ा कर दिया है मृतक के शव को देख कर नही लगता कि यह आत्म हत्या है जबकि परिजन भी इस बात को समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर यह किस प्रकार की आत्महत्या है जो केवल दीवाल का सहारा लेकर लाश टिकी हुई है अधेड़ की मौत की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना



पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है वही ग्रामीणों में दबी जुबान से इस मौत से तमाम तरह की चचाएं हो रही हैं पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि हत्या या आत्महत्या हैं। जिले में इन दिनों यह खेल बहुत चल रहा है पुलिस को मौका मिले तो वह हत्या को भी आत्महत्या बताने से नहीं चूकती है।

# हजरत इब्राहीम की याद ताजा करती है कुरबानी : मोहम्मद मियां कादरी

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** इस्लाम में जो त्यौहार सबसे खास और प्रमुख हैं उन में एक खास त्यौहार बकरा ईद है. बकरा ईद को ईद उल अजहा के नाम से भी जाना जाता है. मीठी ईद के बाद मुसलमानों का यह सबसे प्रमुख त्यौहार होता है. इसमें हर वो मुसमान जिसपर कुरबानी वाजिब (जरूरी)है वो अल्लाह ताला को खुश रखने के लिए कुबार्नी अदा करता है. कुबार्नी का प्रतीक कहा जाने वाला यह त्यौहार बकरे की कुबार्नी के साथ-साथ तमाम बुराइयों को भी त्यागने का संदेश देता है। शहर काजी कौशाम्बी मुफ़्ती खुशनूद आलम एहसानी साहब के पुत्र हजरत मौलाना मुहम्मद मियां कादरी बताते हैं कि मुस्लिम ग्रंथ के अनुसार बकरा ईद के दिन जो कुरबानी की जाती है इसके पीछे की कहानी यह है कि हजरत इब्राहिम जो की अल्लाह के महान पैगंबर थे काफी आयु बीत जाने के बाद उनके घर एक बेटे का जन्म हुवा जिसका नाम उन्होंने हजरत इस्माईल रखा हजरत इब्राहीम अपने बेटे हजरत इस्माईल से बहुत प्यार करते थे जब फरिश्तों ने ये देखा तो अल्लाह पाक से कहने लगे की इब्राहीम तो सबसे ज्यादा मुहब्बत तुझ से करते थे लेकिन अब तो वो अपने बेटे इस्माईल से भी मुहब्बत करने लगे हैं तो अल्लाह तआला ने फरिश्तों को ये दिखाने के लिए की इब्राहीम सबसे ज्यादा मुझ से ही मुहब्बत करते हैं और हमारे लिए अपने बेटे इस्माइल को भी कुर्बान कर सकते हैं इसी कारण अल्लाह ने आदेश दिया था कि वो अपने बेटे हजरत इस्माइल को कुर्बान कर दें। हजरत इब्राहिम ने अल्लाह का यह हुक्म माना और अपने बेटे से राय ली हजरत इस्माइल ने कहा की अब्बा जान आप अल्लाह के हुक्म का पालन करें और अपनी आँखों में पट्टी बाँध कर हमे जबह कर दें इसके बाद हजरत इब्राहीम ने आँख में पट्टी बांध कर हजरत इस्माइल पर छुरी चला दी हालांकि, जब हजरत इब्राहिम कुबार्नी दे रहे थे तब ही जन्नत से हजरत जिब्राईल अलैहिस सलाम जो फरिश्तों के सरदार हैं जन्नत से एक दुम्बा (भेड़) लेकर आए और हजरत इस्माइल को हटा कर उनके स्थान पर उस दुंबे को रख दिया और दुंबा कुर्बान हो गया। हजरत इब्राहीम ने जब आँख से पट्टी खोली तो देखा की हजरत इस्माईल खड़े मुस्कुरा रहे हैं और दुंबा जबह हो गया इस तरह से फरिश्तों ने देख भी लिया और हजरत इब्राहीम ने साबित भी कर दिया की हम अल्लाह के लिए अपनी सबसे प्यारी चीज अपने बेटे इस्माइल को भी कुर्बान कर सकते हैं अल्लाह पाक को हजरत्त इब्राहीम की ये अदा इतनी पसंद आई की इसे मुसलमानों पर जरूरी कर दिया ताकि हर साल हजरत इब्राहीम की याद ताजा होती रहे यही वजह है की इस दिन कुबार्नी दी जाती है। मौलाना मुहम्मद मियां कादरी बताते हैं कि इस महीना को जिल हिज्जा का महीना कहते हैं इस महीने की दस ग्यारह और बारह तारीख को यानि इन तीन दिनों में किसी भी दिन कुरबानी की जा सकती है ईदउल-अजहा की खासियत यह भी है कि मुस्लिम समुदाय में होने वाला हज भी इसी दौरान होता है जिस में हाजी मक्का मदीना जाते हैं और वहां का दर्शन करते हैं और अपना हज पूरा करते हैं जो की इस्लाम के स्तँभ में से एक है मौलाना मुहम्मद मियां कादरी ने अपील करते हुए कहा है की कुरबानी खुली जगह ना करें और न ही उसकी फोटो वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर अपलोड करें साफ सफाई का खास ख्याल रखें और गरीबों की खूब मदद करें और सदका करें।

### किसानो के नलकूप का विद्युत बिल जल्द माफ हो वरना सड़क पर उतरेंगे सकिपा कार्यकर्ता : अजय सोनी

**कौशाम्बी** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने प्रदेश सरकार से किसानो के नलकूप का विद्युत बिल जल्द माफ करने की मांग की है, वरना सकिपा कार्यकर्ताओं के सड़क पर उतरने की बात कही है अजय सोनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक अप्रैल से किसानो के नलकूप के विद्युत बिल माफी की घोषणा की थी। बावजूद इसके महीनों बीत जाने के बाद भी अभी तक किसानो का विद्युत बिल माफ नही हुआ है। आगे कहा कि प्रदेश सरकार किसानो के साथ छल कर रही है और राजनीतिक फायदे के लिए किसानो को इस्तमाल करना चाहती है। इसी के चलते किसानो का विद्युत बिल माफ नही किया जा रहा है। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि लगता है कि प्रदेश सरकार लोकसभा चुनाव के नजदीक आने का इंतजार कर रही है ताकि उस दौरान विद्युत बिल माफ करके किसानो का वोट हासिल किया जा सके। अजय सोनी के मुताबिक यह दुर्भग्यपूर्ण है कि किसानो की समस्याओं का राजनीतीकरण किया जा रहा है और किसानो को राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा किसानो के विद्युत बिल माफ नहीं करने और किसानो को परेशान करने की निंदा करते हुए अजय सोनी ने कहा कि किसान समझदार हैं और समय आने पर अपना हिसाब चुकता करेंगे।

# 30 दिन के अन्दर आवेदक को सूचना उपलब्ध करा दिया जाए : राज्य सूचना आयुक्त

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** राज्य सूचना आयुक्त नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में जनपद के सभी जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में राज्य सूचना आयुक्त द्वारा जन सूचना अधिकारियों/प्रथम अपीलीय अधिकारियों के अनुभवों/सुझावों पर चर्चा किया गया तथा जनसूचना अधिकारियों की जिज्ञासाओं/समस्याओं का समाधान किया गया। राज्य सूचना आयुक्त ने सभी जनसूचना अधिकारियों से कहा कि आवेदक को 30 दिन के अन्दर सूचना उपलब्ध करा दिया जाय, अगर अतिरिक्त शुल्क लिया जाना है तो 30 दिन के अन्दर इसकी भी सूचना आवेदक को उपलब्ध करा दिया जाय। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा सभी जनसूचना अधिकारियों को पूरा सहयोग किया जायेंगा, अगर किसी जनसूचना अधिकारी को आवेदन के निस्तारण में समस्या आ रही है तो वे उनसे मिलकर

**राज्य सूचना आयुक्त ने जनपद के जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ की बैठक**



समस्या का समाधान करा सकतें हैं। उन्होंने कहा कि आवेदक द्वारा माँगी गई सूचना जो आपके रिकार्ड में उपलब्ध है, उसे ही दिया जाना है, सूचना को जेनरेट न किया जाय। इसके साथ ही उन्हांने कहा कि अगर कोई आवेदन अन्तरण किया जाना है तो उसे 05 दिन के अन्दर सम्बन्धित विभाग को अन्तरित कर दिया जाय। राज्य सूचना आयुक्त ने सभी जनसूचना अधिकारियों से कहा कि थर्ड पार्टी की सूचना अगर जनहित से सम्बन्धित नहीं है तो सूचना नहीं दी जा सकतीं। उन्होंने कहा कि प्रारूप 03 पर सूचना का अधिकार अधिनियम का रजिस्टर बना लें, इससे आवेदन के निस्तारण में सुगमता हो सकेंगी। इसके साथ ही उन्होंने सभी जनसूचना अधिकारियों से आयोग के सम्बन्ध में सुझाव भी प्राप्त किये बैठक में एडीएम जयचन्द्र पाण्डेय एंव अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सहित जनपद के सभी जन सूचनाधिकारी गण मौजूद रहे।

# हिन्दूओं की जमीनों पर अवैध कब्जे के बिरोध में हिंदू जागरण मंच ने किया धरना प्रदर्शन

**एसडीएम चायल पर भ्रष्टाचार का आरोप**




**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** चायल तहसील में कई हिंदुओं की जमीन में लगातार वर्ग विशेष के लोगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है। इन कब्जों में चायल उप जिलाधिकारी की मिली भगत का आरोप लगाते हुए हिंदू जागरण मंच के सैकड़ों कार्यकताओं ने मंझनपुर चौराहे से निकल कर जिला कलेक्टर कार्यालय तक मार्च किया। इस दौरान कार्यकताओं ने एसडीएम चायल राहुल भट्ट मुदार्बाद के नारे भी लगाए। इस मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने कहा कि चायल में तैनात एसडीएम राहुल भट्ट पूर्व में सिराथू में भी उप जिलाधिकारी के तौर पर रहे हैं। तब इन्होंने वहां पर मुसलमानों की मजारों का निर्माण कराया जो की पूरी तरह अवैध था यही नहीं कई हिंदुओं की जमीन पर भी इन्होंने कब्जा कराया। अब चायल तहसील में भी उन्होंने वही काम शुरू कर दिया है उन्होंने पेरवा तथा मूरतगंज में दलितों के जमीनों पर वर्ग विशेष के साथ मिलीभगत कर उनकी जमीनों में अवैध कब्जा करवा दिया। इसके साथ हिंदू जागरण मंच के लोगों ने उप जिला अधिकारी चायल राहुल भट्ट की अवैध संपत्तियों की भी जांच कराए जाने की मांग किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रजत पांडे, शिखर मिश्रा, चेतन दुबे, रमेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, पिंटू तिवारी, प्रकाश दुबे, जेपी सरोज, अशोक कुमार, सुशील कुमार, धीरज, राजू, अवधेश, सोनू भारतीय, आशीष, आकाश, सर्वेश कुमार, सूबेदार, घनश्याम, रामबाबू मौर्या, राम सिंह सोनकर, ओम प्रकाश, अतुल, धीरेंद्र, अनिल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### ठेकेदारी प्रथा खत्म होते ही नगरपालिका भरवारी में खुशी की लहर

**नगर पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी की कर्मचारियों ने की भूरि भूरि प्रशंसा**

**भरवारी कौशाम्बी।** नगरपालिका परिषद भरवारी में अध्यक्ष कविता पासी ने पद संभालते ही अपने कर्मचारियों का दिल जीत लिया है,जैसा कि इसके पूर्व में ठेकेदारी व्यवस्था के चलते कर्मचारियों का ठेकेदार के कारण जमकर शोषण होता रहा लेकिन 27 जून को जैसे ही सभी कर्मचारियों का मानदेय आया तो सभी के चेहरों पर मुस्कान देखी गयी।जैसा कि कुछ नगर पंचायतों में लगभग 15 हजार रुपए मिलते हैं, लेकिन यहाँ पर कर्मचारियों को 9 हजार से 11हजार ही मिलता रहा है,ठेकेदार मनमानी ढंग से मानदेय देता रहा, साथ उनके पीएफ का पैसा भी जमा नहीं करता रहा। इधर नये पंचायत व्यवस्था में जबसे कविता पासी ने पदभार संभाला है उन्होंने सबसे पहले अपने कर्मचारियों को हक दिलाकर दिल जीत लिया है कल से कर्मचारियों में खुशी की लहर है,वे अपने अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी की प्रशंसा करते देखे जा रहे हैं।देखना यह है कि व्यवस्था चलती रहती है कि बन्द हो जायेगी, क्योंकि शायद जुलाई माह से कहीं ठेकेदार फिर से न भारी पड़ जाये, लेकिन कर्मचारियों में अब भरोसा है कि अध्यक्ष वा अधिशाषी अधिकारी ऐसा होने नहीं देगें, भले ही इस व्यवस्था में कुछ समय लगा हो,लेकिन कहते हैं कि सब्र का फल मी मीठा होता है।

## न्यूज झरोखा

### पत्नी बच्चों के साथ ससुराल जा रहे युवक ने अचानक यमुना में लगाई छलांग, तलाश जारी



**कौशाम्बी।** जिले के महेवाघाट थाना क्षेत्र में पत्नी बच्चो के साथ अपनी ससुराल जा रहे युवक के अचानक पुल से यमुना में छलांग लगा देने से हड़कंप मच गया युवक के छलांग लगाने की सूचना पर लोगो की भीड़ लग गई,ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से युवक की तलाश शुरू कर दी,लेकिन युवक नही मिल सका। घटनाक्रम के मुताबिक अरवीर उम्र 30 वर्ष पुत्र सत्य निवासी बिलबिलान तहसील गोहाना जिला सोनीपत राज्य हरियाणा अपनी पत्नी रानी निवासी रुपावली राजापुर थाना राजापुर जनपद चित्रकूट और मासूम बच्ची तमन्ना उम्र करीब 8 वर्ष के साथ अपने ससुराल राजापुर जा रहा था, महेवा घाट थाना क्षेत्र में अचानक वह यमुना पुल से कूद गया,जिसकी पुलिस गोताखोरों की सहायता से तलाश कर रही है,लेकिन वह गहरे पानी में जाने से मिल नही सका।युवक के नदी में डूब जाने से पत्नी और बच्चे का रो रो कर बुरा हाल है महेवाघाट थाना पुलिस ने इसकी सूचना राजापुर थाना और उसके परिजनों को दी है।

### बकरीद त्योहार को लेकर पुलिस अलर्ट, पैदल गस्त



**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक के निर्देश में चरवा थाना अध्यक्ष ने अपने हमराहियों के साथ कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र में पैदल गस्त किया है और बकरा ईद को शांति पूर्वक संपन्न कराए जाने के लिए निर्देश दिए हैं इस दौरान उन्होंने लोगों से वार्ता कर क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया उन्होंने कहां की किसी प्रकार की अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी शांतिपूर्ण तरीके से घर के अंदर कुबार्नी दें। चरवा थानाध्यक्ष अलोक कुमार ने बुधवार को अपने हमरहियो के साथ चरवा थाना क्षेत्र के कस्बा और ग्रामीण इलाकों में पैदल गस्त किया हैं पैदल गश्त के दौरान उन्होंने कहा कि भाई चारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से बकरा ईद के त्यौहार को मनाएं बकरीद का त्योहार को शांति से संपन्न कराने के लिए लोगों से अपील की है।

### जिला विकास अधिकारी ने की जिला पोषण समिति की बैठक




**कौशाम्बी** जिला विकास अधिकारी विजय कुमार की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई बैठक में जिला विकास अधिकारी ने सम्भव अभियान के अन्तर्गत सैम एवं मैम बच्चों का चिन्हांकन कर स्वास्थ्य जॉच के बाद अति कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराने के निर्देश दियें। उन्होंने अधिकारियों को गोद लिए गये ऑगनबाड़ी केन्द्रां का नियमित रूप से निरीक्षण करने तथा पोषण टैकर पर फीडिंग कार्य में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। विकास खण्ड सरसवां में अन्य विकास खण्डों के सापेक्ष सभी बिन्दुओं पर अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सीडीपीओ सरसवां को अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा के दौरान सभी सी0डी0पी0ओ0 को बी0डी0ओ0 एवं ए0डी0ओ0 (पंचायत) के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर सभी ऑगनबाड़ी केन्द्रों में आधारभूत सुविधाओं-पेयजल व विद्युत कनेक्शन आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता, प्रभागीय वनाधिकारी आर0एस0 यादव तथा जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### महिला को जबरन घसीटकर दुष्कर्म का प्रयास करने का लगा आरोप

**कौशांबी।** समाज में अभी भी महिलाओ के खिलाफ अपराध पर रोक नही लग पा रहा है।आये दिन कहीं न कही महिलाओं के साथ छेड़खानी और उन्हें नीचा दिखाने की घटनाएं सामने आ रही है। इसी प्रकार सरायअकिल थाना क्षेत्र से एक गांव में महिला को जबरन घसीटकर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया गया है। महिला के वायरल वीडियो के मुताबिक गांव के ही सुखलाल पुत्र कृपाल नामक युवक गत रात जब महिला घर के बाहर बने शौचालय में शौच के लिये रात में पानी डाल रही थी। तभी पीछे से युवक ने दबोच लिया और महिला से जबरन लिपट गया। उसे घसीटकर दुष्कर्म करने की नियत से एकांत में ले जाने का प्रयास किया। जिसके बाद महिला ने जोर-जोर चिल्लाना शुरू किया तो उसके घर और गांव के लोग इकठ्ठा होने लगे जिसपर युवक भाग खड़ा हुआ। जानकारी के मुताबिक महिला पुलिस से शिकायत करेगी। फिलहाल वायरल वीडियो में युवक पर दुष्कर्म करने की नियत का आरोप लगाया गया है।

### अधेड व उसके चचेरे भाई पर चलती बाइक पर दबंगो ने किया प्राणघातक हमला

**आस-पास के लोगों के ललकारने पर बची दोनो की जान**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव में मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे बाइक से जा रहे अधेड व उसके चचेरे भाई पर चलते बाइक पर दंबगो ने लाठियों से जानलेवा हमला कर दिया चलती बाइक में लाठियों के हमले से दोनों भाई सड़क पर गिर पड़े और हो-हल्ला मचाया,चीख पुकार व शोरगुल सुनकर ग्रामीणो के ललकारने पर दंबग मौके से फरार हो गये,हमले में दोनो भाइयो को गंभीर चोटे आई है,मामले की शिकायत पुलिस से की गई,लेकिन पुलिस ने खबर लिखे जाने तक कोई कार्रवाई नही की। जानकारी के मुताबिक काजू गांव निवासी सतीस चन्द पुत्र स्व0 मानिक चन्द अपने चचेरे भाई बिपिन के साथ बाइक से किसी काम से जा रहे थे,जैसे ही वह गांव के मुनीम दुबे उर्फ दिवाकर पुत्र धर्मनारायण दुबे के घर के सामने पहुँचे ही थे कि संदीप दुबे पुत्र दिवाकर दुबे व मोहित दुबे पुत्र अवधेश व मुनीम दुबे ने चलती बाइक पर लाठियों से प्रहार शुरू कर दिया दोनों भाइयों को रोककर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से लाठी-डण्डो से दोनो को पीटना शुरू कर दिया हमले में दोनों भाई सड़क पर गिर पड़े अब लहूलुहान हो गए दोनो की चीख-पुकार व शोरगुल सुनकर पहुचे ग्रामीणो के ललकारने पर दंबग मौके से भाग गये। जबकि हमले में गंभीर रूप से घायल सतीस चन्द्र व उसके चचेरे भाई ने घटना की लिखित तहरीर चरवा थाना पुलिस को दिया,लेकिन पुलिस ने खबर लिखे जाने तक किसी तरह की कार्रवाई नही किया। पीडित का आरोप है कि मामले में थाना पुलिस विपक्षियों से मिलकर लीपापोती करने के पक्ष में है। वही पीडित ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री के पोर्टल पर किया है।

# सरकारी हैंडपंप के कब्जे को खाली कराने गए नायब तहसीलदार हुए राजनीति के शिकार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के मलाक पींजरी गांव के मजरा जदुबीरपुर में सरकारी हैंडपंप में गांव के कमल तिवारी पुत्र शिव बोधन तिवारी द्वारा कब्जा करके बाउंड्री वाल बना लेने के बाद लोगों को पानी भरने से रोकने के मामले की शिकायत महेंद्र मिश्रा ने उप जिलाधिकारी सिराथू से की जिस पर उपजिलाधिकारी सिराथू ने नायब तहसीलदार को जांच कर हैंडपंप को कब्जा मुक्त कराने का निर्देश दिया एसडीएम के निदेर्शों का उल्लंघन करते हुए नायब तहसीलदार स्वयं जांच करने मौके पर नहीं पहुंचे उन्होंने लेखपाल को जिम्मेदारी सौंप दी लेखपाल मौके पर पहुंचे और राजनीति के शिकार हो गए या फिर कुछ दबाव के चलते उन्होंने एक पक्षीय जांच रिपोर्ट लगाते हुए शिकायत का निस्तारण झूठे तरीके से कर दिया लेखपाल के बयान पर नायब तहसीलदार ने शिकायती पत्रों का निस्तारण करते हुए एसडीएम को रिपोर्ट प्रेषित कर दी। उप जिलाधिकारी को भेजे रिपोर्ट में नायब तहसीलदार ने लिखा है कि जल निगम द्वारा लगवाया गया हैंडपंप आबादी की आराजी संख्या 84 पर लगा हुआ है इसके कुछ भाग में बाउंड्री वाल है जिस पर कमल तिवारी ने समरसेबल मोटर लगा लिया है जांच के दौरान गांव के एक ही परिवार रिश्तेदार के आधा दर्जन लोगों के बयान लेकर शिकायत का निस्तारण करते हुए नायब तहसीलदार ने यह साबित किया है कि उन्हें पानी भरने दिया जा रहा है लेकिन

**हैंडपंप से जिन्हें नहीं भरने दिया जा रहा पानी उनका बयान लेकर शिकायत निस्तारण करना उचित नहीं समझे नायब तहसीलदार**

अब सवाल उठता है कि जब सरकारी हैंडपंप है तो उसे बाउंड्री वाल के घेरे में क्यों लिया गया है और एक परिवार को पानी देने के लिए क्या सरकारी हैंडपंप लगाया गया है सरकारी हैंडपंप की पुष्टि चौकी इंचार्ज शमशाबाद ने भी अपने रिपोर्ट में कमल तिवारी द्वारा कब्जा करने की रिपोर्ट अधिकारियों को प्रेषित की है सहायक विकास अधिकारी पंचायत सिराथू ने भी अपनी जांच रिपोर्ट में सरकारी हैंडपंप पर कमल तिवारी के कब्जे की रिपोर्ट अधिकारियों को प्रेषित की है। शिकायतकर्ता महेंद्र मिश्रा का बयान लेना नायब तहसीलदार ने उचित नहीं समझा है उन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट में कहा कि आवेदक को जांच स्थल पर उपस्थित होने के लिए सूचित किया गया परंतु उपस्थित नहीं हुआ अब सवाल उठता है कि जिसके खिलाफ आवेदक ने शिकायत की है शिकायत के बाद से तनाव चल रहा है उसके घर में बैठकर नायब तहसीलदार जांच करेंगे वहां पर खूनी संघर्ष होने की संभावना है खूनी संघर्ष बचाने के लिए शिकायतकर्ता महेंद्र मिश्रा हैंडपंप कब्जा करने वाले के घर पर नहीं पहुंच सके हैं खूनी संघर्ष बचाना क्या शिकायतकर्ता का अपराध साबित हो रहा है क्या नायब तहसीलदार शिकायतकर्ता के घर जाकर उसका पक्ष जानने का प्रयास नहीं कर सकते थे लेकिन शिकायतकर्ता के घर जाकर उनका बयान लेने में नायब तहसीलदार अपनी तौहीनी समझ रहे थे नायब तहसीलदार तो आरोपियों के दबाव में आरोपियों के घर बैठकर जांच कर रहे थे बीते दिनों राजस्व कर्मियों के इसी तरह के एक मामले के चलते कोखराज क्षेत्र में शिकायतकर्ता की हत्या भी हो चुकी है लेकिन गंभीर मामलों को नायब तहसीलदार ने गंभीरता से नहीं लिया और शिकायतकर्ता से बात कर शिकायत निस्तारण करने का उनके पास समय नहीं निकला। हैंड पंप की जांच करने पहुंचे नायब तहसीलदार और उनके कर्मचारियों ने शिकायतकर्ता से बात नहीं की और एक पक्षीय बयान लेकर शिकायत का झूठे तरीके से निस्तारण कर दिया है। गलत तरीके से शिकायत निस्तारण किए जाने के मामले को उप जिला अधिकारी सिराथू और जिला अधिकारी ने संज्ञान लिया तो नायब तहसीलदार पर विभागीय कार्रवाई हो सकती है लेकिन क्या खूनी संघर्ष की रणनीति तैयार कर जांच करने वाले नायब तहसीलदार की भूमिका को उप जिला अधिकारी और जिला अधिकारी संज्ञान लेकर नायब तहसीलदार पर कठोर कार्यवाही करेंगे। लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सरकारी हैंडपंप को कब्जे से मुक्त कराने और आरोपियों से साठगांठ कर उनके दबाव में झूठी रिपोर्ट लगाकर शिकायत पत्र का निस्तारण करने वाले नायब तहसीलदार पर विभागीय कार्रवाई की मांग की है।

संपादकीय

# कुपोषण मिटाने के लिए खाद्य सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत

कुपोषण आज संपूर्ण विश्व के लिए एक बड़ी समस्या है। आज कुपोषण बच्चों में रूग्णता और मृत्यु का एक बड़ा कारण है। कुपोषण के कारण हमारे शरीर में स्वस्थ ऊतकों और अंगों के कार्यकरण हेतु आवश्यक विटामिनए खनिज और अन्य पोषक तत्वों की कमी हो जाती है और इससे हम बीमार पड़ते हैं और बहुत बार कुपोषण से असमय मौतें हो जाती हैं। यदि हम यहां कुपोषण को परिभाषित करना चाहें तो हम यह बात कह सकते हैं कि कुपोषण या माल.न्यूट्रिशन वह अवस्था है जिसमें पौष्टिक पदार्थ और भोजनए अव्यवस्थित रूप से ग्रहण करने के कारण शरीर को पूरा पोषण नहीं मिल पाता है।

कुपोषण तब भी होता है जब किसी व्यक्ति के आहार में पोषक तत्त्वों की सही मात्रा उपलब्ध नहीं होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ के अनुसार कुपोषण के तीन प्रमुख लक्षणों में क्रमशः नाटापन;बौनाद्धए निर्बलता और कम वजन को शामिल किया जा सकता है। वास्तव में अच्छा जीवन जीने के लिए अच्छे व पोषक भोजन की आवश्यकता होती है और प्रत्येक बालक को अच्छाए संतुलित व पोषक भोजन मिलना चाहिए। यहां यह उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद.21 और अनुच्छेद.47 भारत सरकार को सभी नागरिकों के लिये पर्याप्त भोजन के साथ एक सम्मानित जीवन सुनिश्चित करने हेतु उचित उपाय करने के लिये बाध्य करते हैं किंतु भारतीय संविधान में भोजन के अधिकार को ष्मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता नहीं प्रदान की गई है। यदि देश के सभी लोगों को राइट टू फूड का अधिकार मिलें तो इससे निश्चित ही कुपोषण में कमी लाई जा सकती है।

बहरहालए यदि हम यहां कुपोषण से संबंधित आंकड़ों की बात करें तो साल 2021 में दुनिया के 76ण8 करोड़ लोग कुपोषण का शिकार पाए गएए इनमें 22ण4 करोड़ ;29ः्द्ध भारतीय थे। यह दुनियाभर में कुल कुपोषितों की संख्या के एक चौथाई से भी अधिक है। संयुक्त राष्ट्र का कुपोषण के संबंध में कुछ समय पहले यह कहना था कि भारत में हर साल कुपोषण के कारण मरने वाले पांच साल से कम उम्र वाले बच्चों की संख्या दस लाख से भी ज्यादा है। साल 2015.16 में किए गए एक सर्वे के आधार पर भारत में जिलेवार करीब 7 से लेकर 65 प्रतिशत तक बच्चे कुपोषण का शिकार पाए गए हैं वास्तव मेंएयह बहुत ही संवेदनशील बात है। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि दक्षिण एशिया में भारत कुपोषण के मामले में बहुत बुरी हालत में है। आंकड़े बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण 2050 तक 7ण20 करोड़ और लोगों के कुपोषित होने का खतरा है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्तमान में दक्षिण एशिया के कई देश भारी खाद्य संकट से ग्रसित हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन;डब्ल्यू एच ओद्ध के आँकड़ों के मुताबिक भारत में दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले कहीं अधिक कुपोषित बच्चे हैं। वास्तव में गरीबीए आर्थिक तंगी कुपोषण का सबसे बड़ा कारण है। दूसरा एक कारण स्वच्छ जल की अनुपलब्धता भी है। स्वच्छ जल की अनुपलब्धता से भी कुपोषण की समस्या पैदा होती है।भारत में आज भी कई जगहों पर लड़का और लड़की के बीच भेदभाव किया जाता है। यही वजह है कि माता.पिता लड़कियों के खान.पान और पोषण पर विशेष ध्यान नहीं देते। ऐसे में वह लड़कियां धीरे.धीरे कुपोषण का शिकार हो जाती हैं। लड़कियों का कम उम्र में मां बनना भी कुपोषण का एक प्रमुख कारण है। स्तनपान के अभाव की स्थिति में भी बच्चों में कुपोषण की स्थिति पैदा हो सकती है।

ज्ञान की कमीए पोषक आहार की कमीए गंदा पर्यावरणएपाचन विकारए मानसिक स्वास्थ्यए नशाए अव्यवस्थित जीवनशैली भी कुपोषण के प्रमुख कारण हैं। गरीब होने के कारण आज बहुत से लोगों के पास खाने के लिए दो वक्त की रोटी तक नहीं होती है।हालांकि यह भी कि गरीबी अकेले कुपोषण को जन्म नहीं देती किंतु यह आम लोगों के लिये पौष्टिक भोजन की उपलब्धता को प्रभावित कर सकती है।आँकड़े बताते हैं कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली कुल जनसंख्या का लगभग 25ण7 प्रतिशत हिस्सा अभी भी गरीबी रेखा के नीचे जीवन व्यतीत कर रहा हैए जबकि शहरी क्षेत्रों में यह संख्या 13ण7 प्रतिशत के करीब है। अज्ञानता के कारण भी बहुत बार कोई बच्चा कुपोषण का शिकार हो सकता है। बहुत बार बच्चे के पालन.पोषण में कमीए भोजन के प्रति जागरूकता का अभाव और भोजन की आदतेंए ये सभी परिवार में पोषण की कमी का कारण बनते हैं।

वास्तव मेंएआज देश में पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण आहार के संबंध में जागरूकता की कमी स्पष्ट दिखाई देती है जिसके कारण परिवार का परिवार कुपोषण का शिकार हो जाता है। जलवायु परिवर्तन से भी आज कृषि उत्पादन पर प्रभाव पड़ता है और कुपोषण जन्म लेता है। आज विश्व के 40 से अधिक विकासशील देशों में जलवायु परिवर्तन के कारण प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि उत्पादन में हो रही गिरावट आने वाले वर्षों में भूख से पीड़ित लोगों की संख्या में काफी हद तक वृद्धि कर सकती है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में दक्षिण एशिया में लगभग सौ साल में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया है। तापमान में बढ़ोतरी से खाद्य सुरक्षा कहीं न कहीं संकट में आती है और खाद्य उत्पादन कम होने से कुपोषण के आंकड़ों में भी कहीं न कहीं बढ़ोत्तरी देखने को मिलती है। वास्तव मेंए खाद्य असुरक्षाए पर्याप्त और सस्ते भोजन की कमी भी पोषण के कारण बनते हैं।

आंकड़े बताते हैं कि अक्तूबर 2019 में जारी वैश्विक भुखमरी सूचकांक में भारत 117 देशों में से 102वें स्थान पर रहा था जबकि वर्ष 2018 में भारत 103वें स्थान पर था। हालांकि ऐसा भी नहीं है कि सरकार कुपोषण से निपटने के लिए अपने स्तर पर प्रयास नहीं कर रही है। आज गरीबों को फ्री अनाज दिया जा रहा है।

# कस ली है कमर अब तो कुछ कर दिखायेंगे

-: ललित गर्ग :-

भारत की आजादी का यह अमृतकाल है, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आबादी वाला देश होने का गौरव तभी प्राप्त होगा जब हम कुछ कर दिखायेंगे। हमारे देश की आजादी के 75 सालों के दौरान, भारत भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, गरीबी, कुपोषण, उचित स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और पुरुषों और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसी कुछ बीमारियों से संक्रमित रहा है। विश्व खुशी सूचकांक में भारतीय 144वें, लिंग विकास सूचकांक में 141वें और वैश्विक बोझ सूचकांक में 145वें स्थान पर हैं। विभिन्न विकास सूचकांकों में भारत की रैंक इन कुछ वर्षों में सुधरी है तो इसका कारण सबका विकास-सबका साथ है। भारत इन सभी सूचकांकों में रैंक में सुधार करने का एकमात्र तरीका है कि देश का हर नागरिक कमर कसे और अपने-अपने क्षेत्र में अनूठा एवं विलक्षण करते हुए देश को सशक्त बनाएं। हर व्यक्ति को देश-निर्माण के कार्यभार को संभालने और बेहतर कल के लिए लड़ने के लिए आगे आने की जरूरत है।

एक चित्रकार रंगों से, लेखक शब्दों से, संगीतकार धुनों से, अभिनेता भावों से, व्यवसायी व्यापार से, राजनेता नेतृत्व से, धर्मगुरु धर्म से, शिक्षक शिक्षा से एवं कर्मी कर्म से देश के लिये कुछ कर दिखाये, यह अपेक्षित है। आजादी की बात भी हमेशा आर्थिक-सामाजिक-राजनीतिक दायरों में कैद ही रहती है जब यह कहते हैं, मैं आजाद हूं तो इसका क्या अर्थ होता है गुलामी से आजादी। देश को दूसरों की कैद से मिली आजादी। आर्थिक कर्जों से छुटकारा मिलने की आजादी। पुराने घिसे-पिटे रीति-रिवाजों को तोड़कर आगे आने की आजादी या फिर एक इंसान होने के नाते स्वतंत्रता से सोचने, विचार कर अपने फैसले स्वयं लेने की आजादी। गलतियां करने की आजादी, ठोकरें खाने की आजादी, ठोकरों से कुछ सीखने की आजादी। जैसा कि रिल्के कहता है, बने बनाए रास्तों पर चलने के बजाय अपने लिए नई पगडंडियां बनाओ।द्ध क्या ऐसा करने की आजादी हम हासिल कर पाए हैं? देश आज दुनिया की ॖनई उम्मीदद्ध के रूप में उभरा है। ऐसा प्रतीत होता है नया भारत, जो नई सोच और सदियों पुरानी संस्कृति, दोनों को एक साथ लेकर आगे बढ़ने के लिये कमर कस चुका है। पूरी मानवजाति को दिशा देने, शांति, अहिंसा, समतामूलक दुनिया को निर्मित करने के लिये उसने स्वयं को संकल्पों में ढ़ालने की तैयारी कर दी है। दुनिया में जहां चुनौतियां बड़ी हैं, भारत वहां उम्मीद बन रहा है, जहां समस्या है, भारत वहां समाधान पेश कर रहा है। निश्चित ही यह कुछ कर गुजरने की दृढ़ता का द्योतक है।

कुछ बड़ा करना है तो सोच भी बड़ी रखनी होगी। कुछ भी हो पर अब तक हमारे भीतर की एक ऐसी शक्ति रही है जो हमेशा आसान रास्तों की तलाश में रहती रही है लेकिन अब कुछ नये साहस की अनुभूति जटिल-से-जटिल कार्यों को करने को प्रेरित करती है। चुनौतियों भरे रास्तों पर अग्रसर होने के लिये हमारे देश की आबादी में 65 प्रतिशत युवा शामिल हैं, और यह युवाओं के महत्व को दिखाने के लिए पर्याप्त है और वे देश के लिए कितनी बड़ी संपत्ति हैं। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के बावजूद भारत अभी भी आर्थिक सफलता हासिल करने में पिछड़ रहा है जो दुनिया की बड़ी शक्ति बनने की बड़ी बाधा है। युवाओं में किसी भी समस्या का सामना करने और उसे हल करने की क्षमता होती है। दुनिया भर में नक्सलवाद और इस्लामोफोबिया के मामलों में वृद्धि हुई है। बेरोजगारी, गरीबी और भ्रष्टाचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, हमारे देश में युवाओं को कुछ गैर-महत्वपूर्ण विषयों में विभाजित किया गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अधिकांश युवा लालची राजनीतिक नेताओं से प्रभावित हैं जो अपने बारे में सब कुछ सोचते हैं।

इसलिए जरूरी है कि युवा राजनीति का हिस्सा बनें। एक ऐसे युवा नेता की कल्पना करें जो भविष्य के लिए मायने रखने वाली चीजों पर ध्यान केंद्रित करने और लड़ने के लिए हर युवा साथी को एकजुट करे तो हमारा देश महान होगा। हमें अपनी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम अपनी कमजोरियों पर ही नहीं, बल्कि उनसे उबरने के रास्तों पर भी विचार करेंगे। यहीं से हमारी तरक्की का रास्ता खुलता है। इसलिये युवाओं को अब कमर कसना होगा कुछ अनूठा एवं विलक्षण करने के लिये, तभी देश दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति बन सकेगा।

देश के युवा नशे में नहीं बल्कि खेल में आगे बढने चाहिएं। उन्हें नशों से दूर रहकर रचनात्मक कार्यों में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। आज युवा जहां खेलों से दूर है, वहीं संस्कृति व नैतिकता से भी विमुख होता जा रहा है। जब युवा अपनी जड़ों से ही नहीं जुड़ेगा तो राष्ट्र को विश्व पटल पर कैसे आदर्श स्थान पर सुशोभित कर पाएगा। स्वामी विवेकानंदजी, महात्मा गांधी, आचार्य तुलसी का भी यही सपना था कि देश का युवा जागे, बड़े लक्ष्य चुने और उनके पीछे चलता रहे, जब तक उसे उसकी प्राप्ति न हो जाए। भारत द्वारा हाल में ही अपनाई गई नई शिक्षा नीति का उद्देश्य भी युवाओं का सार्वभौमिक विकास है। दुनिया जीत लेने की चाहत हर इंसान की होती है। यह तो हुई सकारात्मक मन की उड़ान, लेकिन उस मन की उड़ान को कैसे संभाला जाए जो सिर्फ अपने बारे में सोचता है? हम तो सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामया एवं वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्रों से दुनिया को एक परिवार मानते आये हैं, इस बड़ी सोच के कारण ही दुनिया हम पर भरोसा करने लगी है। तभी हम जी-20 की अध्यक्षता के पात्र भी बन पाये हैं, तभी हमारी अहिंसा एवं योग को विश्व मान्यता दे रहा है और विश्व अहिंसा दिवस एवं विश्व योग दिवस समूची दुनिया मनाने लगी है। युवाओं को ॖमहात्मा गांधीद्ध के कहे इस कथन के मर्म को समझने और उसे जीवन में उतारने की आवश्यकता है कि ॖखुद वो बदलाव बनिए, जो दुनिया में आप देखना चाहते हैं।द्ध युवाओं को राष्ट्र व समाज के प्रत्येक कार्य-क्षेत्र में अपने कदम रखने होंगे क्योंकि उनके पास नई सोच, नए विचार, तार्किक चिंतन, ऊर्जा व ज्ञान का अथाह भंडार है और यह ॖशक्ति भंडारद्ध जब किसी क्षेत्र में लगेगा तो उसका सर्वांगीण विकास अवश्य होगा। युवा केवल तन से ही युवा नहीं होना चाहिए, बल्कि मन से भी उसका युवा होना आवश्यक है। तभी तन व मन की संयुक्त क्रिया से एक स्वस्थ विचार की रचना होती है, जो एक स्वस्थ समाज का आधार बनता है। यहीं से समाज की विकास प्रक्रिया का आरम्भ होता है।

आचार्य तुलसी ने युवाओं का विश्वास लिया ही नहीं, बल्कि मुक्तमन से विश्वास किया भी है। यही कारण है कि उनके हर मिशन से युवक जुड़े और उसे सफल बनाने का प्रयत्न किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी युवाओं पर भरोसा करते हुए उन्हें नये भारत, सशक्त भारत का आधार बनाना चाहते हैं। यही कारण है कि हमारी सरकारें भी युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत हैं। युवा वही है जिसकी आंखों में सपने, मन में इरादे, हाथों में शक्ति, मुख पर सकारात्मकता का तेज हो अन्यथा तन से युवा तो कोई भी हो सकता है। मन से युवा होना अत्यावश्यक है, क्योंकि देश को फौज की जरूरत तो है, परंतु वह फौज वैचारिक चिंतन में निपुण होनी चाहिए। भारत को विश्व पटल पर ज्ञान की कीर्ति से जगमग करने वाले महान भारतीयों के विचारों पर चल कर आज भारत का युवा वैश्विक पटल पर भारत को एक बार पुनः ॖविश्व गुरु भारतद्ध बनाने की ओर अग्रसर है।

देश का प्रत्येक नागरिक अपने दायित्व और कर्तव्य की सीमाएं समझें। विकास की ऊंचाइयों के साथ विवेक की गहराइयां भी सुरक्षित रहें। हमारा अतीत गौरवशाली था तो भविष्य भी रचनात्मक समृद्धि का सूचक बने। बस, वर्तमान को सही शैली में, सही सोच के साथ सब मिलजुल कर जी लें तो विभक्तियां विराम पा जाएंगी। पर एक बात सदैव सत्य बनी हुई है कि कोई पाप, कोई जुर्म व कोई गलती छुपती नहीं। वह रूस जैसे लोहे के पर्दे को काटकर भी बाहर निकल आती है। वह चीन की दीवार को भी फाँद लेती है। हमारे साउथ ब्लाकों एवं नॉर्थ ब्लाकों में तो बहुत दरवाजे और खिड़कियाँ हैं। कुछ चीजों का नष्ट होना जरूरी था, अनेक चीजों को नष्ट होने से बचाने के लिए। जो नष्ट हो चुका वह कुछ कम नहीं, मगर जो नष्ट होने से बच गया वह उस बहुत से बहुत है।

# असली हथियार निजी स्कूलें है जो जड़े काटते हैं

-: ललित गर्ग :-




राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने एवं तरह-तरह के कानूनों के प्रावधानों के बावजूद आजादी का अमृत महोत्सव मना चुके राष्ट्र के शिक्षा-मन्दिर बच्चों का सर्वांगीण विकास करने की बजाय उन्हें कमाऊ-धन कमाने की मशीन बना रहे हैं। स्कूलें बच्चों को संस्कारी बनाने की बजाय उन पर हिंसा करने, पिटने, सजा देने के अखाडे.बने हुए है, जहां शिक्षक अपनी मानसिक दुर्बलता एवं कुंठा की वजह से बच्चों के प्रति बर्बरता की हदें लांघ रहे हैं, वहीं निजी शिक्षण संस्थाएं इन शिक्षकों का तरह-तरह से शोषण करके उन्हें कुंठित बना रहे हैं। सरकारें शिक्षा में अभिनव क्रांति करने का ढ़िढोरा पीट रही है, लेकिन अपने शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं पर सवार हिंसा की मानसिकता एवं उनके शोषण को दूर करने का कोई सार्थक उपक्रम नहीं कर पायी है। यही कारण है कि दिल्ली में एक प्राथमिक विद्यालय की एक शिक्षिका ने पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक बच्ची को न केवल बुरी तरह पीटा, बल्कि कैंची से वार करते हुए उसे पहली मंजिल से नीचे फेंक दिया। यह कैसी शिक्षा है एवं कैसे शिक्षक है?

राष्ट्रीय शिक्षा नीति घोषित होने के बावजूद शिक्षा की विसंगतियां एवं विडम्बनाएं दूर होती हुई दिखाई नहीं दे रही है। आज के निजी विद्यालय अपने शिक्षकों को उचित वेतन एवं प्रोत्साहन नहीं देते। अपने आर्थिक लाभ के लिये निजी स्कूलें शिक्षकों को वास्तविक वेतन कुछ और देते है और पूरे वेतन के वाउचर पर हस्ताक्षर लेते हैं, यह शिक्षा के मन्दिरों से जुड़ी अनैतिकता का बड़ा उदाहरण है। इतना ही नहीं ये निजी स्कूलें परीक्षा परिणाम को अव्वल लाने के लिये छात्रों पर तरह-तरह के गैरकानूनी प्रयोग करने की छूट शिक्षकों को दे देते हैं। दूसरी ओर अपने निजी लाभ के लिये शिक्षक छात्रों के परीक्षा परिणामों से छेडछाड करने, कक्षाओं में छात्रों के साथ भेदभाव करने, उनको बेवजह सजा देने का दुस्साहस भी करते हैं ताकि छात्र उन शिक्षकों से ट्यूशन लेने को विवश हो सके। शिक्षक का पेशा पवित्रतम एवं आदर्श माना जाता है। यह इसलिए भी कि शिक्षक के माध्यम से ही बच्चों के भविष्य की नींव तैयार होती है।

देश भर में निजी स्कूलों के शिक्षकों का काफी शोषण किया जाता है। शोचनीय यह है कि जिन अध्यापकों की वजह से ये स्कूल चलते हैं, उन्हें वेतन काफी कम मिलता है, जबकि वे अपनी पूरी जिंदगी उस स्कूल को संवारने में लगा देते हैं। खासतौर से शिक्षिकाओं की मजबूरी का खूब फायदा उठाया जाता है। शहर में संचालित छोटे-बड़े निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा अपनी उन्नति व सुख सुविधा के लिए शिक्षा को व्यवसायिक रूप दिया जा रहा है। जिस कारण निजी विद्यालय दिन प्रतिदिन शिक्षक व अभिभावकों के आर्थिक शोषण का केंद्र बन गया है। सरकारी विद्यालयों की चरमराती शैक्षणिक व्यवस्था से आहत अभिभावकों के सामने अपने बच्चों को बेहतर तालिम देने की समस्या खड़ी होती जा रही है। वहीं निजी स्कूल प्रबंधन अपनी व्यवस्था की चमक दमक से अभिभावकों को अपनी ओर आकर्षित करने में लगा है। ऐसे स्कूलों में बच्चों के नामांकन के बाद अभिभावक परेशान है। कई पीड़ित अभिभावकों ने कहा कि नामांकन के समय जो स्कूल प्रबंधन द्वारा सब्जबाग दिया जाता है, उस हिसाब से न तो शैक्षणिक व्यवस्था है और सुविधा। प्रतिवर्ष मनमाने ढंग से विविध शुल्कों में वृद्धि कर दी जाती है। अभिभावकों की शिकायत को प्रबंधन द्वारा नहीं सुनी जाती है उल्टे बच्चे को स्कूल से बाहर कर दिए जाने का अल्टीमेटम दे दिया जाता है। ऐसे छोटे बड़े निजी स्कूलों में कार्यरत शिक्षक व अन्य कर्मियों ने दबी जुवान में कहा कि बच्चों का शुल्क तो प्रतिवर्ष बढ़ा दिया जाता है पर हमलोगों के पगार में मामूली वृद्धि भी नहीं की जाती है। समाज के संवेदनशील लोगों की माने तो निजी शिक्षण संस्था धीरे-धीरे अपने मकसद से भटकता जा रह है। वहां कमजोर बच्चे मानसिक रुप से प्रताड़ित हो रहे हैं। उनके विकास को लेकर प्रबंधन को कोई चिंता नहीं है।

मनुष्य को मनुष्यता का भान कराने में शिक्षा ही सशक्त माध्यम है तथा सभ्यता और संस्कृति से परिचित कराने का दर्पण है। आज की शिक्षा अधूरी है एवं इसमें आधारभूत सुधारों की आवश्यकता है। इस पर वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर चचाएं, सम्मेलन होते रहते हैं तथा अनेक शिक्षा-शास्त्रियों के आयोग भी बनाए गए। उनके सुझावों पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी घोषित की गयी है, पर हमारी शिक्षा प्रणाली अभी तक उपयुक्त दिशा की ओर जाती हुई दिखाई नहीं दे रही है। भारतीयता के मूल्यों की पटरी से उतरी हुई है। खुले आकाश के नीचे चल रही पाठशालाओं से लेकर पहाड़ों पर उच्च स्तरीय विद्यालय चल रहे हैं। समानता की दृष्टि से यह स्थिति जमीन और पहाड़ जितनी दूरी लिए हुए है। यह फर्क कब मिटेगा, यह कोई नहीं जानता। विदेशी शासन से मुक्ति का अमृत महोत्सव के बाद भी शिक्षा अभी तक विदेशी भाषा और विदेशी संस्कृति के प्रभाव से मुक्त नहीं हो सकी है। हजारों की तादाद में देश में अंग्रेजी और मिशनरी (कोन्वेन्ट) स्कूल चल रहे हैं जहां शिक्षा में भाषा के माध्यम से लेकर प्रार्थनाएं तक अंग्रेजी में होती हैं। हम हैं कि एक दीवानगी पाले हुए हैं कि हमारा बच्चा अंग्रेजी में धड़ल्ले से बोले। हमारी संस्कृति पर केवल विदेशी टी.वी. के चैनल ही हमला नहीं कर रहे बल्कि असली धारदार हथियार तो ये स्कूल हैं, जो जड़ें ही काट देते हैं।

विदेशी भाषा का हम भाषा और साहित्य की दृष्टि से आदर कर सकते हैं, कुछ अंशों में विदेशी संस्कृति के अच्छे पक्षों को भी स्वीकार सकते हैं पर भारतीय भाषा और भारतीय संस्कृति की कीमत पर कत्तई नहीं। ऐसे स्कूल में एक बार एक लड़के को इसलिए अपमानित होना पड़ा कि रक्षा बन्धन के पवित्र त्यौहार पर राखियां बांधे स्कूल चला गया। एक दूसरे कान्वेंट स्कूल में एक लड़की को इसलिए कक्षा में नहीं घुसने दिया गया क्योंकि उसके हाथों पर मेहंदी रची हुई थी। यह जानकर मेरा ही नहीं, मेरे भारत के हर नागरिक को भी धक्का लगेगा। लेकिन यह सच्चाई है। इस प्रवाह में केवल मिशनरी ही नहीं अनेक भारतीय संचालक भी बह रहे हैं। स्कूलों के नाम भी अंग्रेजी, ड्रेसें भी अंग्रेजी। उद्देश्य केवल अर्थलाभ। संस्कृति को मिटाकर, सबकुछ भुलाकर। एक बात सौ वर्ष पुरानी है। राजस्थान की एक रियासत के राजा की लड़की बचपन में ही विधवा हो गई।

# लिव इन रिलेशन बनाम गठबंधन

**राज सक्सेना**

वर्तमान समय में विशेष रूप से पिछले दो दशक अथवा उससे भी कुछ अधिक समय से बड़े शहरों में लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों की बाढ़ सी आयी हुयी है। स्थिति यहाँ तक बिगड़ चुकी है कि अब तो छोटे और मझोले कस्बों में भी लिव इन रिलेशनशिप में खुले आम या छिप कर रहने वाले अंगुलियों पर गिने जाने की संख्या वाले जोड़े मिल जाते हैं।

लिव.इन रिलेशनशिप प्रकटतरूएक ऐसी व्यवस्था है जिसमें दो लोग जिनका विवाह नहीं हुआ हैए साथ रहते हैं और एक पति.पत्नी की तरह आपस में शारिरिक सम्बन्ध बनाते हैं। यह सम्बंध स्नेहात्मक होता है और रिश्ता भी सामान्यतया प्रारम्भ में तो गहरा हीहोता है। यह सम्बन्ध कई बार लम्बे समय तक चल सकते हैं या फिर स्थायी भी होते हैं।इस प्रकार के सम्बंध विशेष रूप से पश्चिमी देशों में बहुत आम हो चुके हैं। लिव इन को पिछले कुछ दशकों में काफी बल और प्रचार मिला हैए जिसका कारण युवा वर्ग के बदलते सामाजिक विचार हैंए विशेषकर विवाहए लिंग भागीदारी और धर्म के मामलों में उनकी धारणाओं में परिवर्तन आया है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने लिव.इन सम्बंधों के समर्थन में एक ऐतिहासिक निर्णय सुनाते हुए कहा है कि यदि दो लोग लंबे समय से एक दूसरे के साथ रह रहे हैं और उनमें संबंध हैंए तो उन्हें शादीशुदा ही माना जाएगा।लिव.इन रिलेशनशिप में आना शादी की तरफ एक लम्बी छलांग है जिसमें कभी कभी अंतिम परिणति तक पंहुचना नहीं हो पाता। इसमें कोई संदेह नहीं है लेकिन केवल एक चीज जिसके बारे में दोनों को चिंता करने की जरूरत नहीं रहती और वह है जीवन भर के लिए अटक जाना।

कुछ वर्ष पहले तो यदाकदा ही कुछ ऐसे मामले सामने आते थे मगर जब इस तरह के मामले बहुतायत में सामने आने लगे तो अनेक सामाजिक समस्याएं भी सामने आने लगीं जिससे न केवल लिव इन में रहने वाले ही प्रभावित हुए अपितु समाज का तानाबाना भी प्रभावित हुआ जिससे अनेक प्रकरण उच्च न्यायालयों में गये और न्यायालयों ने उनका गहरायी से अध्धयन किया। प्रारम्भ में तो माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पक्षकारों की ओर सहानुभूतिपूर्ण रुख रखा किन्तु बाद में जब उसे यह लगा कि इससे सामाजिक जीवन विखंडित हो रहा है तो उसने अपना रुख थोडा सख्त किया। विगत दिनों केरल हाई कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि देश का कानून लिव इन रिलेशनशिप को शादी के रूप में मान्यता नहीं देता है।लिव इन रिलेशनशिप का मतलब शादी नहीं होता ना ही इसमें रहने वालों द्वारा तलाक की मांग की जा सकती है।यह टिप्पणी कोर्ट ने लिव इन में रहने वाले एक याचिकाकर्ता जोड़ेके तलाक के आवेदन पर दी थी। न्यायमूर्ति ए मोहम्मद मुश्ताक और न्यायमूर्ति थामस की खंडपीठ ने यह भी व्यवस्था दी कि विवाह एक सामाजिक संस्था है जिसे कानून से मान्यता प्राप्त है औरयह समाज में सामाजिक और नैतिक आदर्शों को दशार्ता है। इससे पूर्व सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने 08 अप्रैल 2015 के निर्णय मेंए जो उसने धन्नू लाल और अन्य बनाम गणेश राय और अन्य के मामले में दिया थाए स्पष्ट कहा था कि कानून लिव इन रिलेशनशिप को स्वीकार तो करता है किंतु उचित नहीं मानता।वस्तुतः वर्तमान युवा पीढ़ी का एक वर्ग विशेष विवाह को एक बंधन के रूप में देखता है जिसमेंआपसी मतभेद की स्थिति में जोड़ों को विवाह विच्छेद के लिए न्यायालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं और एक जटिल प्रक्रिया से गुजर कर बहुत समय बरबाद करना पड़ता है जबकि युवा पीढ़ी इसे कीमती समय का अपव्यय समझती है।इन्हीं झंझटों से मुक्ति के लिए वह सरल और सहज रास्ता चुनता है जहां से वह जब चाहे मुक्त हो सकता है या सहभागी बदल सकता है मगर यहाँ यह सोचना भी जरूरी है कि चाहे वैवाहिक संबंध हो या लिव इनए इसमें रहने वाले सहभागी सामान्य मनुष्य ही होते हैं। उनमें भी वही तनावए अपेक्षाएं और मनमुटाव आदि समय समय पर आते ही हैं जैसे विवाहित दंपत्तियों में आते हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो अदालतों में लिव इन में रहने वाले जोड़ों के मामलों की एक की एक लंबी सूची नहीं होती। नवंबर 2021 में मद्रास हाई कोर्ट में प्रस्तुत एक याचिका में जस्टिस एसवी वैद्यनाथन और विजय कुमार की खंडपीठ ने कहा था कि लंबे समय तक साथ रहने से पक्षकारों को पारिवारिक न्यायालय के समक्ष वैवाहिक विवाद उठाने का कोई कानूनी अधिकार तब तक नहीं मिल सकता जब तक कि उनका विवाह कानून के अनुसार ना हुआ हो।

# चित्त शक्ति विलास

**सुनील कुमार महला**
**पुस्तक चर्चा**
**चर्चा विवेक रंजन श्रीवास्तव**

जीवन क्या है ए क्यों है ए क्या भगवान कहीं ऊपर एक अलग स्वर्ग की दुनियां में रहते हैं ए परमात्मा प्राप्ति का तरीका क्या है ए ऐसी जिज्ञासायें युगों युगों से बनी हुई हैं ण जिन तपस्वियों को इन सवालों के किंचित उत्तर मिले भी ए उन्हें इस ज्ञान की प्राप्ति तक इतने दिव्य अनुभव हो जाते हैं कि वे उस ज्ञान को दूसरों तक पहुंचाने में रुचि खो देते हैं ए कुछ अपने मठ या चेले बनाकर इस ज्ञान को एक संप्रदाय में बदल देते हैं ण आशय यह है कि यह परम ज्ञान जिसमें हम सब की रुचि होती है ए हम तक बिना तपस्या के पहुंच ही नहीं पाता ण ष्चित्त शक्ति विलासष में इस तरह के सारे सवालों के उत्तर सहजता से मिल जाते हैं ण भगवान कहीं और नहीं हमारे भीतर ही रहता है ण हम भगवान के ही अंश हैं ण

गृहस्थ जीवन में रहते हुये जीवन के इस अति आवश्यक तत्व से आम आदमी अपरिचित ही बना रह जाता है ण किन्तु सिद्ध मार्ग के अनुयायी स्वामी मुक्तानन्द के गुरू स्वामी नित्यानंद थे ण गुरु के शक्ति पात से स्वामी मुक्तानन्द का कुण्डलनी जागरण हुआ ण इस किताब को माँ कुण्डलिनी का वैश्विक विलास कहा गया है ण १९७० में प्रथम संस्करण के बाद से अब तक इस किताब की ढ़ेरों आवृत्तियां छप चुकी हैं ण यह मेरे पढ़ने में आई यह मुझ पर परमात्मा की कृपा ही है ण इसकी किताब की चर्चा केवल इसलिये जिससे जिन तक यह दिव्य ज्ञान प्रकाश न पहुंच सका हो वे भी उससे अवंचित न रह जायें ण

सत्य क्या है ६ ८ शास्त्र प्रतीति ए गुरू प्रतीति ए और आत्म प्रतिति में अविरोध ही सत्य है ण

ष मैं ए मेरी जाती रहे अल्प भावना ए ह्द्य में उदय चित्त ज्ञान हो ष यही प्रार्थना स्वामी मुक्तानन्द अपने गुरुदेव से करते हैं ए हमें भी इसका अनुसरण करना चाहिये ण

आमुख में ही वे इस दिव्य ज्ञान को उजागर करते हुये स्वामी मुक्तानन्द लिखते हें कि ष

संसारी जन अपने सभी व्यवहारों के साथ सिद्ध योग का अभ्यास सहजता से कर सकते हैं ण यह मार्ग सभी के लिये खुला हैण यह कुण्डलिनी शक्ति पदावरूपिणी महादेवी है। इसे कुण्डलिनी के नाम से पुकारते हैंए जो मूलाधार कमल के गर्भ में मृणाल मालिका के समान निहित है। यह कुण्डल आकार में रहती है।

# प्रशिक्षण के नाम पर मचाये हैं लूट

## जल जीवन मिशन का प्रशिक्षण बना मजाक

अखंड भारत संदेश

पहाड़ी/चित्रकूट। देश के प्रधानमंत्री ने वायदा किया है कि हर घोटालेबाज पर कार्रवाई की गारंटी दी जायेगी। मोदी-योगी सरकार ने हर घर शुद्ध जल पहुंचाने का अभियान छेड़ा है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर में पेयजल व्यवस्था एवं प्रशिक्षण दिलाकर ग्रामीणों को जागरूक करने के कार्य विभाग ने दे रखे हैं। बुधवार को पहाड़ी ब्लाक में जल जीवन मिशन के प्रशिक्षण में प्रत्येक गांव में फर्जी संख्या दिखाकर कागजी प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर अशोक मिश्रा व भूपेंद्र नायक कर रहे है। पहाड़ी कस्बा स्थित आराधना गेस्ट हाउस में प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत सदस्यों/ समाजसेवियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रत्येक गांव से प्रशिक्षण स्थल में 35 से 40 लोग पहुंचते हैं। घटिया किस्म का लंच दो बजे खिलाकर बैग, पेन, पैड देकर विदा किया जाता है। सबसे बड़े खेल का खुलासा हुआ कि गांवों में ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रशिक्षण स्थल में आए ही नहीं। उनके नाम से प्रशिक्षण प्रोफार्मा सत्यापन प्रपत्र फर्जी भरा जा रहा है। बोरियों में भरकर सामग्री दी जा रही है। प्रत्येक गांव में क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम पंचायत सदस्यों से पूंछताछ की जाए तो जल जीवन मिशन प्रशिक्षण की पोल खुल जायेगी। संस्था एवं मास्टर ट्रेनर अशोक मिश्रा व भूपेंद्र नायक के फर्जीवाड़े का खुलासा हो जायेगा। जल जीवन मिशन में कुछ सफेदपोश एवं अधिकारियों की भ्रष्टाचार कराने में अहम भूमिका है।



कई दिन से लगातार समस्या को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने के बाद भी किसी प्रकार की जांच नहीं की गई। जल जीवन मिशन के प्रशिक्षण में भ्रष्टाचार दिन दूनी रात चैगुनी हो रही है। बताया गया कि पहाड़ी, मऊ, रामनगर में प्रशिक्षण के नाम पर धांधली की गई है। जल जीवन मिशन के तहत संस्था एवं मास्टर ट्रेनर अशोक मिश्रा व भूपेंद्र नायक के भ्रष्टाचार पर अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं। आज हुए प्रशिक्षण में फिर धांधली की गई है।

# रानीपुर टाइगर रिजर्व में फिर छोड़ा गया तेंदुआ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। रानीपुर टाइगर रिजर्व के मारकुण्डी रेंज जंगल में झांसी जिले के चिरगांव रेंज से लाये तेंदुए को छोड़ा गया। पिछले दिनों झांसी जिले के चिरगांव रेंज के पचोर गांव स्थित 20 फिट गहरे सूखे कुआ में तेंदुआ गिरकर घायल हुआ था। तेंदुए के पैर और कूल्हे में चोट आई थी। झांसी वन विभाग टीम के प्रयासों के बाद जब घायल तेंदुआ कुआ से नहीं निकल सका, तब निदेशालय के निर्देश पर इटावा लाइन सफारी की टीम ने तेंदुए को सुरक्षित निकाला था। तेंदुआ को इलाज को इटावा सफारी टीम अपने साथ ले गई थी। 20 दिनों की देखरेख के बाद स्वस्थ हुए तेंदुआ को मंगलवार को रानीपुर टाइगर रिजर्व के चैरी जंगल में छोड़ा गया। डेढ़ वर्ष के बीच रानीपुर टाइगर के जंगलों में आधा दर्जन तेंदुआ छोड़े गए हैं। झांसी के चिरगांव रेंजर राजेश सोनकर, डा राबिन सिंह, वन रक्षक मनोज श्रीवास, अमित कुमार तेंदुआ को इटावा सफारी से लेकर चित्रकूट पहुंचे थे। तेंदुआ छोड़ने के दौरान वन क्षेत्राधिकारी मारकुंडी प्रथम अशोक जैन, झांसी से आई वन विभाग की टीम के साथ स्थानीय वनकर्मी मौजूद रहे।

# मन्दाकिनी को अतिक्रमण करने वाली दीवार हटायें, संतों ने बैठक में जताई नाराजगी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। विभिन्न मुद्दों को लेकर संत महात्माओं ने कामदगिरि पूर्वी प्राचीन मुखारविंद में बैठक कर प्रशासनिक अधिकारियों पर खासी नाराजगी जताई। संतो ने मांग किया है कि आरोग्यधाम से स्फटिक शिला तक मंदाकिनी को अतिक्रमण कर दीवार निर्माण के कार्य को तत्काल रोका जाए। तीर्थ क्षेत्र में पार्किंग की समुचित व्यवस्था कराने के बाद पार्किंग शुल्क वसूला जाये।

बुधवार को संत-महात्माओं ने बैठक में कहा कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर संतों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कामदगिरि प्रमुख द्वार में अतिक्रमण के नाम पर तोड़ी गई दीवार को पुनः बनाया जाए। पूर्वी प्राचीन मुखारविंद में प्रशासन की कमेटी को भंग किया जाए। मंदाकिनी को स्वच्छ व अविरल बनाने को ठोस कदम उठाए। कामदगिरि पर्वत की ओर दुकानों का गृहस्थ लोगों का अतिक्रमण हटाया जाए। विभिन्न मुद्दों को लेकर संत समाज ने निर्णय लिया कि सरकार ने मांगे न मानी तो गुरु पूर्णिमा के बाद संत समाज अनशन को बाध्य होगा।

बैठक विरक्त संत मंडल के अध्यक्ष सनकादिक महाराज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एक सैकड़ा साधु संत मौजूद रहे।

# एसपी के निर्देश पर दो पर गुण्डा एक्ट

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा ने भोलीभाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले रामचन्द्र पुत्र खिलावन निवासी पटवरिया सानी व लसन उर्फ महिमान उर्फ रामलखन पुत्र शिवनाथ निवासी रगौली के खिलाफ श्री यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधीतत्वों में खलबली मची है।

# सड़क हादसे में घायल की मौत

भोगांव/मैनपुरी। थाना क्षेत्र में गत 23 जून को हुए सड़क हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सोमवार की रात मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मंगलवार को इटावा में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। थाना क्षेत्र के गांव छाछा निवासी ओम प्रकाश ने बताया कि 23 जून की सुबह पुत्र 21 वर्षीय ब्रजकिशोर गांव में कहीं गया था। वह घर लौट रहा था। तभी ओवरब्रिज के नीचे सर्विस रोड पर पीछे से आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से मेडिकल कॉलेज सैफई रेफर कर दिया गया था। सोमवार की रात इलाज के दौरान ब्रजकिशोर की मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे में युवक की मौत के बाद घर में कोहराम मचा है। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

# डिवाइडर से बाइक टकराने पर दो घायल

कुरावली/मैनपुरी। कस्बा से मैनपुरी शहर जा रहे बाइक सवार युवकों की बाइक कोतवाली क्षेत्र में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे दोनो युवक घायल हो गए, जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कस्बा निवासी नरेश कुमार सुबह साथी परेश के साथ मैनपुरी शहर जा रहे थे। बाइक जब मैनपुरी कुरावली मार्ग पर खटिकपुर के पास पहुंची। तभी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए। जिन्हें मौके पर मौजूद लोगो ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

# किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी को कोर्ट भेजा

मैनपुरी/घिरोर। थाना क्षेत्र में घर में घुसकर एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया हैं। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक 15 वर्षीय किशोरी शनिवार की रात्रि घर के एक कमरे में सो रही थी। तभी आरोपी शिवम किसी तरह से घर में घुस आया और किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी दीवार कूद कर भाग गया था। शिकायत करने पर आरोपी शिवम व अनीश ने पीड़िता की बहन व मां की पिटाई कर दी थी। थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह छेड़छाड़ के आरोपी शिवम को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया।

# फांसी पर झूलता मिला युवक का शव

मैनपुरी। थाना बेवर क्षेत्र में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना बेवर क्षेत्र के ग्राम घोटाला मासूमपुर निवासी सोनू यादव पुत्र अजब सिंह ने सोमवार की दोपहर गांव से बाहर जाकर मक्का के खेत के पास झाड़ियों में खड़े एक पेड़ पर गले में फांसी का फंदा डालकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। खेत पर गए ग्रामीणों ने जब सोनू का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। देखते ही देखते ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। जानकारी होते ही परिवार के लोग भी आ गए। जवान बेटे द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिए जाने से परिवार के लोगों का रो- रो कर बुरा हाल है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# किसान हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

बिछवां/मैनपुरी। थाना क्षेत्र के गांव नेकपुरा में एक 10 फुट जगह के विवाद को लेकर दावत खाकर वापस लौट रहे एक किसान को गांव के 4 लोगों ने घेर कर उसे लाठी डंडा व सरिया से मारपीट कर गंभीर घायल कर दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी रामपाल को गिरफ्तार कर लिया है।

# डीजे पर गाने को लेकर हुई मारपीट, दुल्हन ने लौटाई बारात

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले में एक शादी समारोह में बारातियों ने जमकर तांडव किया। बारात दरवाजे पर पहुंची तो दूल्हा पक्ष के कुछ लोगों ने विरोध किया कि डीजे वाला दूल्हे पक्ष के मन के गाने नहीं बजा रहा। इसे लेकर हुए विवाद में बाराती पक्ष के लोगों ने शराब के नशे में डीजे वालों और दुल्हन के भाइयों से मारपीट कर दी। दुल्हन ने दूल्हे से शादी से इनकार कर दिया। बारात बिना दुल्हन के लौट गई।

पूरा मामला मऊ थाना क्षेत्र के सुरौंधा गांव में बीती रात हुआ। बताया गया कि शिवलाल की पुत्री की शादी रैपुरा गांव के शिवकुमार के बेटे अजय कुमार से तय हुई थी। बारात के द्वारचार दौरान दूल्हे पक्ष के लोगों ने डीजे में मनपसंद गाना को लेकर डीजे वालों से भिड़ गए। शराब के नशे में मारपीट करने लगे। दुल्हन के भाई डीजे वालों को बचाने को आए तो आरोपी बाराती पक्ष ने दुल्हन के भाइयों के साथ मारपीट कर दी। इससे कई लोग घायल हो गए।

मारपीट व बारातियों की गुंडई से परेशान दुल्हन पक्ष के लोगों ने सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। पीड़ित दुल्हन के पिता की तहरीर पर बारातियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। दुल्हन के पिता शिवलाल ने कहा कि अपनी बेटी की शादी अजय के साथ तय की थी। दूल्हे पक्ष के लोग द्वारचार पर 21 हजार की मांग कर रहे थे। न देने से खफा दूल्हे पक्ष के लोग बहाने बनाकर खाने में कमी निकालते हुए लड़की पक्ष के लोगों से भिड़कर गाली-गलौज करने लगे। बारात बिना दुल्हन के लौट गई। मऊ सीओ राजकमल ने एनसीआर दर्ज कर जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

# जिला न्यायाधीश ने जेल में देखी व्यवस्थायें

## जेल में बन्द बच्चों को दें पोषाहार: डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला व सीजेएम सूर्यकान्त धर दुबे ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखी।




बुधवार को जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा की अगुवाई में प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने महिला बैरक में निरुद्ध महिला कैदियों, बैरक 21, 22 में निरुद्ध कैदियों से खानपान की जानकारी ली। पाकशाला का निरीक्षण किया। रोटी, अरहर की दाल, आलू पालक की सब्जी बनते देखा। जनपद न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक से कहा कि कैदियों को भोजन, नाश्ता प्रतिदिन मेन्यू के अनुसार दिया जाए। कोई अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए।


जिलाधिकारी ने महिला बैरक के निरीक्षण में जेल अधीक्षक से कहा कि महिला कैदियों के साथ जो दो बच्चे हैं, उन्हें जिला कार्यक्रम अधिकारी से संपर्क कर पोषाहार की व्यवस्था कराएं। बच्चों को दूध एवं फल भी देते रहे। उन्होंने जेल अधीक्षक कार्यालय, जेलर कार्यालय, डिप्टी जेलर कार्यालय का भी निरीक्षण किया। सीसीटीवी कैमरों के संचालन पर कहा कि कोई अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। सीसीटीवी कैमरे लगातार चलते रहें। निरीक्षण में जेल अधीक्षक शशांक पांडेय, जेलर राजीव कुमार सिंह, उपकारापाल रजनीश कुमार सिंह, ज्ञान स्वरूप दुबे, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष कंकोरिया समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# गोदाम-आफिस निर्माण में घटिया सामग्री का हो रहा प्रयोग

## जेई अमित यादव ने आरोप को बताया गलत

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। मानिकपुर ब्लाक में यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड शाखा बांदा ब्लॉक परिसर के अंदर बाल विकास पोषाहार गोदाम का निर्माण घटिया सामग्री से करवा रही है। कार्यदाई संस्था यूपी प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड बांदा के ठेकेदार राज किशोर गुप्ता काम करवा रहे हैं। बताया गया कि ये गोदाम व ऑफिस 22 लाख कीमत से बनवाया जा रहा है। वरिष्ठ समाजसेवी सीताराम द्विवेदी ने एसडीएम मानिकपुर को भेजे पत्र में कहा है कि गोदाम निर्माण नींव स्तर से मानकविहीन हो रहा है। बुधवार को मानिकपुर ब्लाक के



समाजसेवी सीताराम द्विवेदी ने आरोप लगाया कि गोदाम व आफिस निर्माण में सरिया व गिट्टी कम डाला जा रहा है। खुलेआम यमुना की बालू से जोड़ाई हो रही है। यमुना की बालू किसी भी निर्माण कार्य क्षेत्र में प्रतिबंधित है। बांदा-बदौसा की बालू से जोड़ाई होनी चाहिए, भ्रष्टाचार के चलते खुलेआम यमुना की बालू से ठेकेदार पूरा कार्य करवा रहा है। संबंधित अधिकारी आंखें मूंदे हैं। इस कार्य को मौन स्वीकृति दे रहे हैं। जेई अमित यादव से इस बाबत बात की गई तो कहा कि बालू का इस्तेमाल जोड़ाई में नहीं हो रहा है। लेंटर के लिए मंगाई है। कहा कि यमुना बदौसा की बालू मिलाकर जोड़ाई करवाई जा रही है। जेई अमित यादव ने कहा कि यमुना की बालू छपाई के लिए है। देखने से पता चलता है कि गोदाम निर्माण में नींव स्तर से मानकविहीन कार्य हो रहा है। खुलेआम तीन नंबर की ईंटा यमुना की डस्ट से जोड़वाई जा रही है, जो भ्रष्टाचार की सीमायें लाघें हैं।

# सीएनजी फर्टिलाइजर प्लांट का डीएम ने किया भूमि पूजन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने श्याम कृपा गौ सदन बेड़ीपुलिया में श्याम कृपा गोधन समिति से स्थापित हो रहे बायो सीएनजी एवं फर्टिलाइजर प्लांट का भूमि पूजन किया।



बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बायो सीएनजी एवं फर्टिलाइजर प्लांट का श्याम कृपा गौ सदन ने भोलेनाथ का अभिषेक कर पुंगी फल सुपारी का वृक्षारोपण किया। गौ माता का आशीर्वाद लिया। वेद पाठशाला के बच्चों ने विधिविधान से मंत्रोच्चार किया। गौशाला के गौ सेवक एवं नगर पालिका कर्वी के चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता, कॉपरेटिव बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल, गायत्री परिवार के श्रवण अग्रहरी, अरुण गुप्ता, छेदीलाल सोनी, आलोक द्विवेदी, इफको से महेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, अंकुर द्विवेदी, देवेश जैन, रोहित, सौरव, मोहित, श्यामली, श्यामेश जैन आदि ने पूजन किया। सभी अतिथियों का आभार संस्था के योगश जैन ने जताया।

# दहेज हत्या में पति को दस वर्ष की हुई सजा, 19 हजार का जुमार्ना भी त्वरित न्यायालय ने किया

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। शादी के महज एक साल बाद दहेज को विवाहिता को मारकर नदी में फेंकने के मामले में आरोपी पति को त्वरित न्यायालय ने दस वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दहेज हत्यारे को 19 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। बुधवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि मकरी पहरा गांव के धर्मराज ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट लिखाई थी। बेटी आशा की शादी बांदा जिले के बदौसा थाने के पौहार गांव के शिवकरण पुत्र केदार के साथ फरवरी 2019 में की थी। शादी के बाद से ही बेटी को पति दहेज के लिए परेशान करता था। एक लाख रुपये की मांग करता था। मायके आने पर बेटी सब बताती थी। फरवरी 2020 में जब आशा मायके आई तो उसने ससुराल भेजने से मना कर दिया। दामाद ने वायदा किया कि अब वह दहेज के लिए परेशान नहीं करेगा। उसने बेटी को 14 फरवरी 2020 को दामाद के साथ भेज दिया। एक सप्ताह बाद 22 फरवरी 2020 को पटिया गांव में नदी किनारे युवती की लाश पड़ी मिली। सूचना पर जब वह गया तो देखा शव उसकी बेटी का था। वादी के अनुसार दहेज को दामाद शिवकरण ने उसकी बेटी को मारा और मारने के बाद नदी में फेंक दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज संजय कुमार ने बुधवार को निर्णय सुनाया। दोष सिद्ध होने पर आरोपी पति को दस वर्ष कठोर कारावास की सजा के साथ 19 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

# एनडीपीएस एक्ट आरोपी को हुई सजा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी व पैरोकार अमरेन्द्र प्रताप सिंह की पैरवी से एनडीपीएस एक्ट के आरोपी शिरोमणि पुत्र मैकू निवासी बरद्वारा थाना राजापुर को एक वर्ष दो माह की सजा व दस हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया। बुधवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा की प्रभावी प्रस्तुति एवं बहस के नतीजतन न्यायालय अपर जनपद न्यायधीश/एफटीसी (न्यू) सुशील कुमार वर्मा ने कर्वी कोतवाली में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के आरोपी शिरोमणि पुत्र मैकू निवासी बरद्वारा को एक वर्ष दो माह के कारावास व दस हजार रुपए के जुर्माने से दण्डित किया। उल्लेखनीय है कि तीन सितम्बर 2013 को कोतवाली कर्वी के दरोगा सुरेश कुमार की टीम ने शिरोमणि को डेढ किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज हुआ था। विवेचक ने विवेचना के बाद आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# वार्ड मेम्बर की पुत्री ने की आत्महत्या

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नगर पालिका के वार्ड मेम्बर राजकुमार साहू की पुत्री श्वेता (18) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

बुधवार को कोतवाली कर्वी के बनकट रोड में वार्ड मेम्बर राजकुमार साहू की पुत्री श्वेता ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी। एक पखवारे में श्वेता समेत तीन सहेलियों की फांसी लगाकर आत्महत्या करने से मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। लोगों का मानना है कि साइबर क्राइम से आत्महत्या का मामला जुड़ा लग रहा है। फिलहाल पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है।

# मानिकपुर नगर में पेयजल संकट गहराया

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। नगर पंचायत के अधिकारियों की उदासीनता से नगर क्षेत्र में पेयजल का संकट गहरा गया है। वार्ड मेम्बरों समेत नगरवासियों ने अधिकारी के प्रति रोष जताया है।

बुधवार को नगर पंचायत मानिकपुर क्षेत्र में अधिकांश हैण्डपम्प खराब होने से नगर के विभिन्न वार्ड में पेयजल का संकट है। जल संस्थान के जेई व कर्मचारियों के ढुलमुल रवैये से समय से हैण्डपम्पों की मरम्मत नहीं की जाती। जल संस्थान के जेई, लिपिक व कर्मचारियों ने कहा कि नगर पंचायत मानिकपुर समय से सामान नहीं देते हैं। नगर पंचायत के वार्ड मेम्बर लवलेश सोनकर, किरन शुक्ला, पंकज जायसवाल ने बताया कि कई बार जल संस्थान के जेई समेत विभाग को मुहल्लों में लगे हैण्डपम्प खराब होने की जानकारी दे चुके हैं। जल संस्थान के कर्मचारियों ने कहा कि वह सिर्फ हैण्डपम्प बनाने को लेवर भेजते हैं, लगने वाला सामान नगर पंचायत से मिलता है। वार्ड मेम्बरों ने इस बाबत नगर पंचायत कार्यालय से सम्पर्क किया तो वहां के लिपिक समेत अधिशासी अधिकारी कहते हैं कि चेयरमैन से आदेश करवा लाओ, तभी सामान मिलेगा। सवाल है कि हैण्डपम्प बनवाने को जो सामान खरीदा जाता है, वह किसी व्यक्ति विशेष के रुपए का होता है या सरकारी रुपयों का। नगर पंचायत के वार्ड मेम्बरों ने बताया कि कार्यालय से चेयरमैन से आदेश करवाने को कहा तो अध्यक्ष रानी देवी के घर गये तो पता चला कि वह यहां नहीं रहती।

# विदेश संदेश

## रूस ने पाकिस्तान को दो सप्ताह में दूसरी बार कच्चा तेल भेजा

**कराची।** रूस ने अनुबंध के तहत पाकिस्तान को दो सप्ताह में दूसरी बार कच्चा तेल भेजा है। पहली खेप में रूस ने 45,142 टन कच्चा तेल भेजा था। मंगलवार को पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी



कराची बंदरगाह पर 56,000 टन कच्चा तेल से भरा एक और जहाज (क्लाइड नोबल) पहुंचा। कराची पोर्ट ट्रस्ट ने (केपीटी) ने कहा कि क्लाइड नोबल बंदरगाह पर ऑयल पियर-3 पर पहुंच गया। इसे भी पाकिस्तान रिफाइनरी लिमिटेड तक पहुंचाया जाएगा। कच्चे तेल का वितरण अगले 24 घंटों के भीतर शुरू हो जाएगा।

## यूक्रेन के क्रामाटोरस्क शहर पर रूसी मिसाइल हमले में चार लोगों की मौत

**कीव।** पूर्वी यूक्रेन के क्रामाटोरस्क शहर में एक रेस्टोरेंट और शॉपिंग एरिया में रूस के मिसाइल हमले में एक किशोरी सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। इस हमले में कई अन्य घायल हो गए हैं। शहर के गवर्नर पावलो किरिलेंको ने कहा है कि मंगलवार शाम



इस हमले के समय रेस्टोरेंट खचाखच भरा था। जमींदोज हो चुके रेस्टोरेंट के मलबे में कई लोग फंसे हो सकते हैं। यूक्रेनी प्रोसिक्यूटर जनरल के कार्यालय ने टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि मृतकों में एक 17 वर्षीय लड़की भी शामिल है और कम से कम 42 लोग घायल हुए हैं। यह संभव है कि मलबे के नीचे और भी लोग फंसे हों। व्हाइट हाउस ने यूक्रेन पर क्रूर हमलों के लिए रूस की निंदा की है।

## वियतजेट के विमान में आई तकनीकी खराबी, उत्तरी फिलीपीन में आपात लैंडिंग, सभी 214 यात्री और क्रू मेंबर सुरक्षित

**मनीला।** वियतजेट के यात्री विमान (एयरबस ए-321) को तकनीकी खराबी के कारण बुधवार सुबह उत्तरी फिलीपीन में आपात स्थिति में उतारा गया। विमान में सवार 214 लोग और क्रू मेंबर




सुरक्षित हैं। फिलीपीन के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के प्रवक्ता एरिक अपोलोनियो के अनुसार यह विमान दक्षिण कोरिया के शहर इंचियोन से वियतनाम जा रहा था। अचानक आई तकनीकी खराबी से उसे इलोकोस नॉर्ट प्रांत में लाओआग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़ना पड़ा। यात्रियों के लिए दूसरे विमान की व्यवस्था की जा रही है। तब तक यात्रियों को लाउंज में इंतजार करने के लिए कहा गया है।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट: बिटकॉइन समेत सभी प्रमुख आभासी मुद्राएं लुढ़कीं

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज चौतरफा गिरावट का रुख बना हुआ है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 में शामिल सभी क्रिप्टो करेंसी आज गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही हैं। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में आज 0.81 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है, जिसके कारण ये आभासी मुद्रा 30,346.22 डॉलर के स्तर तक गिर गई है। हालांकि इस गिरावट के बावजूद क्रिप्टो मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सेदारी बढ़ी है और अभी भी दुनिया के आधे से ज्यादा क्रिप्टो मार्केट पर इसका कब्जा बरकरार है। आज के कारोबार में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम भी 0.91 प्रतिशत की कमजोरी के साथ लुढ़क कर 1,862.24 डॉलर के स्तर तक पहुंच गई है। अगर ओवरऑल क्रिप्टो करेंसी मार्केट की बात करें, तो पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 1.08 प्रतिशत कमजोर हुआ है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 1.17 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 95.99 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने वाली अधिकृत कंपनी कॉइन मार्केट कैप द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के अनुसार शाम 5 बजे तक 1 बिटकॉइन की कीमत 30,346.22 डॉलर यानी 24.90 लाख रुपये के स्तर पर पहुंच गई थी।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## नेपाल में प्रचंड सरकार का साहसिक कदम, भ्रष्टाचार मामलों की फाइलें खोलीं

**काठमांडू।** नेपाल में पुष्प कमल दाहाल प्रचंड सरकार देश में हुए भ्रष्टाचार और अपराध के बड़े मामलों की फाइलें खोल रही है। फर्जी भूटानी शरणार्थियों के मामले की जांच के बाद प्रचंड सरकार ने काठमांडू के बलुवाटार में 13 अरब नेपाली रुपये की 7.3 हेक्टेयर जमीन हड़पने के मामले की फाइल खोल दी है। नेपाल के जाने-माने कारोबारी मिन बहादुर गुरुंग और पूर्व चुनाव आयुक्त सुधीर कुमार शाह को नेपाल के प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास बलुवाटार के पास जमीन कब्जा करने के मामले में मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में 2019 में 175 लोगों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था। इनमें पूर्व उपप्रधानमंत्री विजय कुमार गच्छदार भी शामिल हैं। वह नेपाली कांग्रेस के नेता भी हैं। पूर्व प्रधानमंत्रियों डॉ. बाबूराम भट्टराई और माधव कुमार नेपाल का नाम भी इस मामले में जुड़ा थे। पूर्व उपप्रधानमंत्री विष्णु पौडेल



के बेटे नवीन पौडेल और सुप्रीम कोर्ट के जज कुमार रेग्मी के नाम पर भी जमीन मिली थी। हालाँकि, उस समय उनके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया गया था। प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार ने केंद्रीय जांच ब्यूरो पुलिस को फाइल खोलने का निर्देश दिया है। ऐसे में जब कुछ ताकतवर लोगों की छूट का मुद्दा उठ रहा है तो फाइल दोबारा खुलने से हलचल मच गई है। प्रचंड सरकार पहले ही भूटानी शरणार्थी मामले में पूर्व उपप्रधानमंत्री टोप बहादुर रायमाझी और पूर्व गृह मंत्री बालकृष्ण खंड समेत 33 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर चुकी है। पशुपतिनाथ के स्वर्ण जलहरी में गबन की शिकायत मिलने के बाद नेपाल के अधिकार दुरुपयोग जांच आयोग ने अपनी जांच बढ़ा दी है।

## हत्या के आरोप में मौत की सजा सुनाए जाने पर भड़का आरोपी, कोर्ट में ही वकील को जड़ा घूंसा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में मौत की सजा सुनाए जाने पर एक आरोपी इतना भड़क गया कि उसने अदालत में ही वकील को घूंसा जड़ दिया। आरोपी फ्लोरिडा का रहने वाला है जिसको 1990 में एक 11 वर्षीय लड़की और उसकी 32 वर्षीय आया की हत्या का दोषी ठहराया गया। इसके बाद कोर्ट ने उसको मौत की सजा सुना दी। घटना से जुड़ा वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि आरोपी जीलर अपने वकील केविन शर्ली को इशारा करके पास बुलाता है। केविन को लगता है वह उससे कुछ बात करने को बुला रहा है लेकिन जैसे ही वकील जीलर की बात सुनने को नीचे झुकता है तभी जीलर उस पर कोहनी से उसके मुंह पर वार करता है।हालांकि जीलर के हाथ हथकड़ी से बंधे थे और उसके आसपास दो पुलिसवाले भी थे लेकिन उसने फिर भी वकील पर हमला कर दिया। जैसे ही उसने हमला किया तभी पास खड़े पुलिस अधिकारियों ने उसे तुरंत जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद, जज ने वकील से पूछा



कि क्या वह ठीक है तो उसने शांति से जवाब दिया, 'मैं ठीक हूं। मैं बॉक्सिंग करता था, मैंने उससे कहीं बेहतर शॉट लिए हैं।' वकील ने कहा कि मुझे नहीं पता था कि वह ऐसा कुछ करने जा रहा है।अधिकारियों ने कहा कि लड़की और महिला मई 1990 में केप कोरल अपार्टमेंट में पाए गए थे। बच्ची रॉबिन की माँ रात में कहीं बाहर गई थी और जब वह अगली सुबह लौटी तो उसने दोनों को मरा हुआ पाया। जांचकर्ताओं ने कहा कि जांच में पता कि दोनों पीड़ितों का यौन उत्पीड़न किया गया था। केप कोरल फ्लोरिडा का एक शहर है। 2016 में, फ्लोरिडा के केप कोरल में जांचकर्ताओं ने जीलेर को तब जोड़ा जब फोरेंसिक परीक्षणों से पता चला कि घटनास्थल पर पाया गया वीर्य उसके डीएनए से मेल खाता है। उसे 2016 में गिरफ्तार किया गया और सात साल बाद, एक ग्रैंड जूरी ने उसे दोषी करार दिया।

## रूस में विद्रोह का नेतृत्व करने वाले प्रिगोझिन बेलारूस पहुंचे : लूकाशेंको

**मिंस्क।** रूस में कैदियों और अन्य भाड़े के सैनिकों के निजी सैन्य समूह वैग्नर के प्रमुख एवगेनी प्रिगोझिन के बेलारूस पहुंच गए हैं। इसकी पुष्टि बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लूकाशेंको ने मंगलवार की। ज्ञात रहे कि रूस के खिलाफ अपने असफल सशस्त्र विद्रोह के बाद प्रिगोझिन बेलारूस पहुंच गए हैं।

बेलारूस में प्रिगोझिन के निर्वासन की घोषणा क्रेमलिन ने पहले उस समझौते के रूप में की थी, जिसके विद्रोह को समाप्त कर दिया था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वैग्नर द्वारा उसके भारी हथियार रूसी सेना को सौंपे जाने की तैयारी चल रही है। प्रिगोझिन ने कहा था कि ये कदम पहले से चल रहे थे क्योंकि उनके सैनिकों के रूसी सेना की कमान के तहत सेवा करने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की समय सीमा एक जुलाई है।

रूसी अधिकारियों ने




मंगलवार को कहा कि उन्होंने निजी सैना के प्रमुख एवगेनी प्रिगोझिन के नेतृत्व में सशस्त्र विद्रोह की आपराधिक जांच बंद कर दी है और उनके या उनके सैनिकों के खिलाफ कोई आरोप नहीं लगा रहे हैं।

संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने कहा कि उसकी जांच से पता चला है कि बगावत में शामिल लोगों ने अपराध को अंजाम देने के इरादे से की जाने वाली गतिविधियां बंद कर दी हैं, इसलिए मामले को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। फिर भी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन प्रिगोझिन के स्वामित्व वाले एक संबद्ध संगठन के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के लिए आधार तैयार करते प्रतीत हो रहे हैं। उन्होंने एक सैन्य सभा को बताया कि प्रिगोझिन के कॉनकॉर्ड समूह ने सेना को भोजन उपलब्ध कराने के अनुबंध से 80 अरब रूबल कमाए और वैगनर को पिछले वर्ष वेतन और मजदूरी के लिए 86 अरब रूबल प्राप्त हुए थे।

पुतिन ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि ऐसा करते समय उन्होंने कुछ भी नहीं चुराया या बहुत ज्यादा चोरी नहीं की। उन्होंने कहा कि अधिकारी कॉनकॉर्ड के अनुबंध पर बारीकी से नजर रखेंगे। प्रिगोझिन के बगावत का ऐलान 24 घंटे से भी कम समय तक चली थी। यूक्रेन में 16 महीने से जारी युद्ध के बीच रूस की सत्ता पर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की पकड़ पर सबसे बड़ा खतरा पैदा करने वाली सिलसिलेवार घटनाओं में यह एक नई कड़ी थी।

## मेक्सिको में सशस्त्र समूह ने राज्य सुरक्षा मंत्रालय के 14 कर्मचारियों को अगवा किया

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के दक्षिणी मैक्सिकन राज्य चियापास से सशस्त्र समूह ने राज्य सुरक्षा मंत्रालय के 14 कर्मचारियों को हथियारों के दम पर अगवा कर लिया। सुरक्षा बल अपहृत कर्मचारियों की तलाश कर रहे हैं। राज्य सुरक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि




इन सभी पुरुष कर्मचारियों को राज्य की राजधानी टक्स्टला गुटिरेज से लगभग 22 मील (34.4 किलोमीटर) पश्चिम में एक राजमार्ग पर ले गया है। सुरक्षा बल तेजी के साथ इनको सकुशल छुड़ाने के लिए प्रयासरत हैं।

## संयुक्त अरब अमीरात की बहुमंजिला इमारत में भीषण आग

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात के अजमान शहर में एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लग गयी। आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि उस पर काबू पाने में घंटों लग गए।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अजमान के बहुमंजिला आवासीय कॉम्प्लेक्स, अजमान वन कॉम्प्लेक्स के टावर-2 में सोमवार रात भीषण आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने उस बहुमंजिली इमारत के हर फ्लोर को अपनी चपेट में ले लिया। बड़ी संख्या में दमकल गाड़ियां मंगाई गयीं। अग्निशमन विभाग और स्थानीय पुलिस अधिकारियों की



ओर से चलाए गए बड़े स्तर के अभियान के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। पुलिस के मुताबिक फिलहाल किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है। प्रभावित इमारत से निकाले गए निवासियों को अमीरात के परिवहन प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई गई बसों पर अजमान और शारजाह के होटलों में पहुंचाया गया।आग लगने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर हो रहा है। इसमें एक बहुमंजिला इमारत आग की लपटों से घिरी दिखाई दे रही है। इमारत से गिरता हुआ मलबा भी साफ नजर आ रहा है, जिसे कुछ लोग खड़े देख रहे हैं। अजमान पुलिस ऑपरेशन्स के डायरेक्टर जनरल अब्दुल्ला सैफ अल मटरूशी ने कहा कि दुर्घटना स्थल पर एक मोबाइल पुलिस स्टेशन स्थापित किया गया, जिससे नुकसान को रिपोर्ट करने और साइट को सुरक्षित करने में मदद मिली।

## अलीबाबा के संस्थापक जैक मा नेपाल में

**काठमांडू।** अलीबाबा के संस्थापक जैक मा नेपाल आए हैं। वह बांग्लादेश से चार्टर फ्लाइट से नेपाल आए। नेपाल के आव्रजन विभाग के सूचना अधिकारी खिमलाल भूषाल ने पुष्टि की कि जैक मा नेपाल आ गए हैं। विभाग ने जानकारी दी है कि जैक मा के साथ एक पुरुष और एक महिला भी हैं। वह चीन से ढाका, बांग्लादेश होते हुए नेपाल



आये। उनका 29 जून को पाकिस्तान के लाहौर जाने का कार्यक्रम है। बताया जा रहा है कि जैक मा बिजनेस ट्रिप पर हैं। चीन के अरबपति बिजनेसमैन जैक मा दुनिया के सबसे मशहूर बिजनेसमैन में से एक हैं। वह समय-समय पर चीनी कम्युनिस्ट सरकार के निशाने पर रहे हैं।

## विदेश मंत्री बोले- ताइवान के निवेशक भारत में इनवेस्ट करने के लिए बेताब, हमारे संबंध पकड़ रहे गति

**अबू धाबी।** चीन के साथ ताइवान का विवाद किसी से छिपा नहीं है। कई मुद्दों पर भारत ने ताइवान का समर्थन भी किया है। ताइवान के विदेश मंत्री जौशीह जोसेफ वू ने भारत के साथ संबंधों को और मजबूत करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते से ताइवानी कंपनियों को भारत में विनिर्माण के आधार पर स्थापित करने के लिए बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा।

विदेश मंत्री जोसेफ वू ने कहा कि ताइवान अपनी उन कंपनियों को प्रोत्साहित कर रहा है जिनको चीन का बाजार लाभदायक नहीं लगता है। ताइवान ने उनसे कहा है कि उन्हें उत्पादन सुविधाओं के लिए अपना कारोबार भारत में स्थानांतरित करना चाहिए। वू ने कहा कि भारत तेजी से उभरती हुई शक्ति है और तेजी से आर्थिक विकास की तरफ बढ़ रही है।उन्होंने कहा कि भारत और ताइवान के बीच मुक्त व्यापार समझौता व्यापक व्यापार और



निवेश संबंधों की बाधाओं को दूर करेगा और इससे ताइवान की कंपनियों को विभिन्न उपकरणों और कच्चे माल के लिए ज्यादा शुल्क का भुगतान किए बिना विनिर्माण केंद्र स्थापित करने में मदद मिलेगी।

**भारत के लिए क्यों लाभदायक है ताइवान**

ताइवान दुनिया के लगभग 70 प्रतिशत से अधिक सेमीकंडक्टर और 90 प्रतिशत से अधिक सबसे उन्नत चिप्स का उत्पादन करता है जो स्मार्टफोन, कारों, डेटा सेंटरों, लड़ाकू जेट और एआई प्रौद्योगिकियों जैसे लगभग सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए आवश्यक हैं। वहीं भारत ने दुनिया की सबसे बड़ी चिप निर्माता ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन से कई समझौते किए हैं, इसके तहत कंपनी भारत में एक विनिर्माण सुविधा स्थापित कर रही है। इस कंपनी के सबसे बड़े ग्राहकों में एपल भी शामिल है।

**हमारे व्यापार संबंध पकड़ रहे गति**

ताइवान के विदेश मंत्री ने कहा कि ताइपे और नई दिल्ली का एफटीए वार्ता शुरू करने का समय आ गया है। दोनों पक्ष पहले ही एफटीए के लिए अध्ययन कर चुके हैं और समझौते के लिए प्रारंभिक चर्चा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमारे व्यापार संबंध गति पकड़ रहे हैं। ताइवान के निवेशक भारत में निवेश करने के लिए बेताब हैं और ताइवान और भारत के बीच सेमीकंडक्टर सहयोग को दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एक उभरती हुई शक्ति है, यह तेजी से बढ़ रहा है। वहां के लोगों की मेहनत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। भारत के पास भविष्य के लिए अपनी आर्थिक ताकत है। यह बहुत शक्तिशाली होने जा रहा है और निश्चित रूप से, हमें उम्मीद है हम भारत के साथ अच्छे संबंध जारी रखेंगे।

## रूस ने छोड़ा तो अमेरिका ने वैगनर पर की कार्रवाई, वित्त पोषित करने वाली अफ्रीकी खदानों पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** वैगनर ग्रुप पिछले दिनों रूस से विद्रोह करके काफी चर्चा में रहा। हालांकि, पुतिन ने वैगनर समूह के मुखिया येवगेनी प्रिगोझिन को छोड़ दिया हो लेकिन अमेरिका ने उस बड़ी कार्रवाई की है। अमेरिका ने मंगलवार को वैगनर ग्रुप को धन मुहैया कराने वाली अवैध सोने की अफ्रीकी खदानों पर प्रतिबंध लगा दिया। इसी के साथ येवगेनी प्रिगोझिन से जुड़ी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इन प्रतिबंधों का पिछले हफ्ते रूस के साथ हुए वैगनर के विद्रोह के साथ कोई संबंध नहीं है। अमेरिका ने पहले भी प्रिगोझिन और वैगनर समूह के खिलाफ कई बार प्रतिबंध जारी किए थे जिसमें यह आरोप भी शामिल है कि उन्होंने 2016 के अमेरिकी चुनाव में हस्तक्षेप करने की कोशिश की थी। लेकिन रूस ने बीच में आकर इसका पक्ष लिया था। वहीं इससे पहले अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने इस संबंध में बताया कि वैगनर के प्रमुख प्रिगोझिन ने पूर्व में जिस तरह कृत्य के किए हैं, उनके लिए उस पर अमेरिका में कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि उसने कथित तौर पर जिस तरह के अपराध किए हैं, उनके लिए उस पर मुकदमा चले और हम उसे कटघरे में खड़ा देखना चाहते हैं। बता दें कि रूस छोड़ने के बाद बेलारूस के राष्ट्रपति एलेकजेंडर लुकाशेंको ने वैगनर प्रमुख का अपने देश में स्वागत किया है। वहीं प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से मीडिया ने पूछा कि क्या प्रिगोझिन को अवांछित व्यक्ति घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मैंने अभी जो कहा, मैं उसी बात को दोहराऊंगा। वह यह कि लुकाशेंको ने जो कदम उठाया है, वह अपने लोगों के हित में नहीं बल्कि क्रेमलिन के हित में उठाया है।